विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 67 | कोरबा, रविवार, दिनांक 08 दिसम्बर 2024 डाक 09 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में ग्लोबल हॉस्पिटल के उद्घाटन के दौरान रिबन काटा



**देश-विदेश**
महादेव सट्टा मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, 387 करोड़ की संपत्ति और कुर्क की, मॉरीशस की कंपनी भी शामिल



**फीचर पेज**
डांस को मजेदार और फायदेमंद बनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



## दिल्ली की तरफ कूच करने वाले किसानों को हरियाणा पुलिस ने रोका, मांगे पहचान पत्र

**चंडीगढ़-पटियाला, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पंजाब के किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर फरवरी से शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाकर बैठे हैं। हरियाणा उन्हें आगे नहीं जाने दे रहा। छह दिसंबर को भी किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर किसानों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। आज फिर किसान दिल्ली की तरफ बढ़े। शंभू बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस की तरफ से किसानों के पहचान पत्र दिखाने को कहा जा रहा है। किसानों और पुलिस के बीच बहस शुरू हो गई है। हरियाणा पुलिस किसानों से दिल्ली जाने की अनुमति मांग रहे हैं। किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच शुरू कर दिया है।मीडियाकर्मियों को रोकने से नाराज किसान शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठ गए हैं। शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार केंद्र सरकार के साथ किसी तरह का गठजोड़ कर रही है। आज जिस तरह से मीडिया को रोका जा रहा है, सीएम और अरविंद केजरीवाल को आगे आकर इस पर सफाई देनी चाहिए। वे कहते हैं कि वे किसानों और मजदूरों के साथ हैं, फिर वे मीडिया को क्यों रोक रहे हैं? भगवंत मान सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया है। पहले हम केवल केंद्र सरकार के खिलाफ थे, लेकिन अब हमें राज्य सरकार से निपटना है। पंजाब सरकार केंद्र सरकार के कामों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। वहीं पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने कहा कि मीडिया को नहीं रोका गया है। हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। लेकिन मीडिया को जानकारी देना ज़रूरी था। पिछली बार हमें पता चला था कि 3-4 मीडियाकर्मी घायल हो गए हैं। उससे बचने के लिए हमने मीडिया को जानकारी दी... हम कोशिश करेंगे कि ऐसा न हो - लेकिन अगर कोई घायल होता है, तो उसे निकालने के लिए हमारे पास मेडिकल टीम है। सरवण सिंह पंधेर ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के राज्यसभा में एमएसपी को लेकर दिए गए बयान



को गुमराहपूर्ण बताया। कहा कि किसान फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी मांग रहे हैं। सरकार अगर देश को परंपरागत फसली चक्र से बाहर निकालना चाहती है, तो इस मांग को पूरा करना जरूरी है। इससे जमीनी पानी के स्तर में भी सुधार होगा।किसानों ने शंभू पर खुद अपनी बैरिकेडिंग लगा दी है। इससे आगे कोई भी जनता नहीं जाएगी। इससे आगे केवल सुरक्षा वालंटियर, 101 मरजीवड़ा जत्था के सदस्य और मीडिया कर्मी ही जाएंगे। किसानों ने दिल्ली कूच करने वाले 101 मरजीवड़ों की सूची जारी कर दी है। सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि वह राजपुरा अस्पताल में दाखिल किसानों का हालचाल जानने के लिए गए थे। शंभू बॉर्डर पर हरियाणा की तरफ से छोड़े गए आंसू गैस के गोलों के कारण 16 किसान घायल हुए हैं। किसान हरप्रीत सिंह व गुरिंदर सिंह की हालत नाजुक है। इनके सुनने की क्षमता खत्म हो गई है।

## उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की गोली लगने से मौत, पुलिस वैन में मिले शव



**जम्मू, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।**

**जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले हैं। दोनों को गोली लगी थी। एक पुलिसकर्मी घायल है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6.30 बजे उधमपुर जिला मुख्यालय में काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन के अंदर पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव पड़े मिले। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत एक-दूसरे पर गोली चलाने के बाद हुई। घटना के पीछे आपसी झगड़े का संदेह है। एसएसपी उधमपुर आमोद नागपुरे ने कहा कि उधमपुर जिले के रहमबल इलाके में आपसी झगड़े और आत्महत्या की घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिसकर्मी विभाग के वाहन में सवार होकर एसटीसी तलवारा की ओर सोपोर जा रहे थे और गोलीबारी में गोली लगने से घायल हो गए। घटना के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। एसएसपी उधमपुर आमोद नागपुरे ने कहा, घटना सुबह 6.30 बजे हुई। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई है। तीसरा पुलिस कर्मी सुरक्षित है। उन्हें पोस्टमॉर्टम और अन्य प्रक्रियाओं के लिए जीएमसी उधमपुर ले जाया जाएगा।

## विष्णुदेव सरकार का पहला वर्षगांठ 9 दिसंबर से होंगे कई कार्यक्रम

**रायपुर, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के गठन को 13 दिसंबर को एक वर्ष पूरा हो जाएगा। सरकार के पहले वर्षगांठ पर पूरे 10 दिनों तक प्रदेश स्तर पर आयोजनों की तैयारी चल रही है। सभी विभाग इसके लि अपने- अपने स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निकायों को 9 से 20 दिसंबर तक होने वाले आयोजनों का पूरा कार्यक्रम जारी किया है। इसमें स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता दीदी उत्सव समेत अन्य कार्यक्रम होंगे। नगरीय प्रशासन विभाग की तरफ से इस संबंध में निकायों को विस्तृत निर्देश जारी किया गया है।

## नरेला के एक मकान में तेज धमाका, घर की छत गिरने से दो बच्चे समेत छह लोग घायल



**बाहरी दिल्ली।** राजधानी के नरेला स्थित भोरगढ़ में एक घर में सिलेंडर फटने से दो बच्चे समेत छह लोग घायल हो गए। धमाका इतना जोरदार था कि घर की छत गिर गई। सभी घायलों को आनन-फानन में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर है। सूचना पर मौके पहुंची नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, सिलेंडर ब्लास्ट की पीसीआर कॉल शनि बाजार इलाके से मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि दो मंजिला आवासीय मकान की छत गिर गई थी। इस हादसे में एक परिवार के 6 लोग घायल हुए हैं। पड़ोसियों से बात करने पर पता चला कि छत गिरने के समय परिवार खाना बना रहा था, इसलिए परिवार के सदस्यों को जलने के साथ-साथ चोट भी लगी। अभी तक सिलेंडर ब्लास्ट की कोई खबर नहीं है।

## पुलिस बेस कैंप में नक्सली हमला, कई जवान घायल

**बीजापुर 8 दिसम्बर।** बीजापुर जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने पुलिस बेस कैंप पर हमला किया है। तीन दिनों में यह दूसरा नक्सली हमला है। बीजापुर एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने कैम्प पर फायरिंग की पुष्टि की है। पामेड़ थाना अंतर्गत जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने हमला किया है। पुलिस नक्सलियों के बीच गोलीबारी में तीन जवानों को मामूली चोट आई है। जवानों का बेस कैंप में प्राथमिक इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि इन हमलों के पीछे सेंट्रल कमेटी के शीर्ष नेता हिडमा का हाथ है। पुलिस के आला अधिकारियों की माने तो बड़े नक्सली नेता खुद की प्राणों की चिंता करते हुए आस-पास के राज्यों में भाग रहे हैं। ऐसे में जाते-जाते बौखलाहट में पुलिस कैंप पर हमला कर निचले कैडर के मनोबल को बढ़ाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

## दिलजीत के इंदौर कॉन्सर्ट पर बजरंग दल ने किया बवाल, खुले में शराब और मांस परोसने का आरोप



**इंदौर, 08 दिसम्बर ।**

बजरंग दल ने मध्य प्रदेश के इंदौर में 8 दिसंबर को यानी आज होने वाले पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के संगीत कार्यक्रम के खिलाफ शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के सदस्य यश बचानी ने अब कहा कि बजरंग दल इस आयोजन के विरोध में फिर से सड़कों पर उतर सकता है और मांस और शराब परोसने का विरोध कर सकता है। यश बचानी ने आगे कहा, बजरंग दल को जानकारी मिली कि शहर में एक संगीत कार्यक्रम हो रहा है, जहां खुलेआम शराब और मांस परोसा जाएगा। हम यहां उसी का निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने आए हैं कि पुलिस प्रशासन की ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं आज होने वाले कान्सर्ट से पहले दिलजीत सुबह 56 दुकान पर पोहे खाने पहुंचे और इसके मुरीद हो गए। इसके बाद पलासिया स्थित सेल्फी पाइंट पर साइकलिस्ट से मिले।

वीएचपी के सदस्य ने ये भी कहा, हम यहां होने वाली किसी भी लव जिहाद की घटना को लेकर भी सतर्क हैं। हम शहर में संस्कृति की रक्षा के लिए खुले में शराब और मांस परोसने का विरोध करते हैं। कॉन्सर्ट के विरोध में बजरंग दल कल सड़कों पर उतर सकता है। हम आपको अपने फैसले के बारे में बताएंगे।

## भिलाई में युवती समेत 2 की मौत, पेड़ में जा टकराई बेकाबू कार



**दुर्ग, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-1 में कल देर शाम एक तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में युवती समेत 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि, कार में चार लोग सवार थे। हादसे में कार के भी परखच्चे उड़ गए। घटना भट्टी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मरने वालों की पहचान मरोदा निवासी लुकेंद्र उइके और दीपिका कौर के रूप में हुई है। वहीं, परमवीर सिंह और पूनम कौर गंभीर रूप से जख्मी है। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम करीब साढ़े 7 बजे कार क्रमांक CG 07 AT 2620 सेंट्रल एवेन्यू रोड पर एक्यूपमेंट चौक की तरफ से तेज रफ्तार से जा रही थी। कार लुकेंद्र चला रहा था। उसके बगल से एक युवक बैठा था। पीछे की सीट पर दीपिका और दूसरी महिला बैठी थी। इसी बीच कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर झाड़ियों में जा घुसी। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और डायल-112 को कॉल कर सूचना दी। इस हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दो घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया है।

### नक्सलियों ने किया महिला का अपहरण, फिर उतारा मौत के घाट

**बीजापुर।** जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से कैंप पर हमला किया है। माओवादियों ने पामेड़ थाना अंतर्गत जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर फायरिंग की है। हालांकि जवानों ने मोर्चा संभाला और नक्सलियों को मुहतोड़ जवाब दिया। इसके बाद नक्सली भाग निकले। इधर, लोदेड इलाके के मद्देड थाना क्षेत्र माओवादियों ने एक महिला की हत्या कर दी। वहीं लोदेड़ इलाके के मद्देड थाना क्षेत्र माओवादियों ने एक महिला की हत्या कर दी।

## मनाली के संध्या रिजॉर्ट में लगी भीषण आग करोड़ों का हुआ नुकसान, 46 कमरे जले



**मनाली 08 दिसम्बर।** पर्यटन नगरी मनाली के रांगड़ी-सिमसा में काष्ठकुणी शैली में बने संध्या रिजॉर्ट में शनिवार देर सायं भीषण आग लग गई। आग कमरा नंबर 301 में लगी। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। 46 कमरों के रिजॉर्ट के 34 कमरों में पर्यटक ठहरे हुए थे। आग से करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। रिजॉर्ट में आग लगने की सूचना मिलते ही मनाली प्रशासन सहित दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग इतनी भयंकर थी कि आग ने होटल को चारों ओर से घेर लिया। ऐसे में दमकल विभाग को आग पर काबू पाना बेहद कठिन हुआ। देखते ही देखते आग ने चार मंजिला होटल के लगभग 46 कमरों को चपेट में ले लिया। आसपास धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा था।

### कांग्रेस पार्टी इंडी अलायंस में एक मीम बन चुकी है: शहजाद पूनावाला

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इंडिया ब्लॉक में तकरार की खबरों के बीच कहा कि कांग्रेस हारी हुई पार्टी बन गई है जिसे बर्दाश्त करने के मूड में उसके साथी भी नहीं हैं। पूनावाला ने कहा, सुबह ममता बनर्जी कहती हैं कि टीएमसी और मुझे इंडी एलायंस का नेता बनाओ, क्योंकि कांग्रेस से यह काम नहीं हो रहा है। दोपहर तक महाविकास अघाड़ी और उद्धव सेना के रुख के कारण, अबू आजमी बाहर निकल जाते हैं, और अबू आजमी कहते हैं कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग कर रही है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार नहीं संभल रहा है : तेजस्वी यादव

**पटना, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।**



बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को राजद नेता तेजस्वी यादव ने छात्रों के भविष्य संग खिलवाड़ बताया है। उनके मुताबिक प्रदेश में अफसरशाही चरम पर है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा, देखिए लाठीचार्ज तो हुआ है और यह लाठी डंडे वाली सरकार है। अफसरशाही पूरे चरम पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होश में नहीं हैं। नहीं जानते बिहार में क्या हो रहा है। सच बात तो यह है कि मुख्यमंत्री से बिहार चल नहीं पा रहा है। लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बताएं कि सर्वर डाउन होने की वजह से जो नौजवान परेशान हैं, लाखों अभ्यर्थियों जो फॉर्म नहीं भर पाए हैं। इसके लिए दोषी छात्र-छात्राएं नहीं हैं। बिहार सरकार को छात्रों को मौका देना चाहिए। सर्वर को एक-दो दिन के लिए खोल देना चाहिए। जिससे लाखों छात्र फॉर्म भर सकें। सत्ता पक्ष के बयान पर तेजस्वी ने कहा, हम जनता और नौजवानों की आवाज नहीं उठाएंगे तो कौन उठाएगा। छात्रों की आवाज यह लोग क्यों नहीं उठाते हैं। 10 दिन से नॉर्मलाइजेशन को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। सरकार को पहले बताना चाहिए था। आज लाठीचार्ज करने के बाद बता रहे हैं।इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करना चाहती हैं। जब इस पर तेजस्वी यादव से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा अभी इस पर जवाब नहीं। बता दें कि 6 दिसंबर को पटना में बीपीएससी के सामने विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज हुआ था।

इसके बाद तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखी थी। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा था कि राजनीति से रिटायर होने की उम्र है वो पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं तथा नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठियां चलवा रहे है।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

TATA STEEL | TATA TISCON
समझदार बनें। बेहतर चुनें।
TATA TISCON 550SD
बी.आर. सेल्स
9009992855, 7049928855, 7987588210
सही सामान. सही दाम

# कृषक उन्नति योजना से मिली राशि से फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी का मिला प्रोत्साहन : किसान रामायण सिंह

कोरबा । प्रदेश में खेती-किसानी को बढ़ावा देने, फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू की गई कृषक उन्नति योजना, किसानों के जीवन में खुशहाली ला रही है। इस योजना से मिलने वाली सहायता के माध्यम से किसान अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं और उनकी आर्थिक उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं।साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कर किसानों के श्रम को सम्मान दिया जा रहा है।

पाली विकासखण्ड के चैतमा धान खरीदी केंद्र में अपने 100 क्विन्टल धान बेचने आए

ग्राम केराकछार के किसान श्री रामायण सिंह ने बताया कि अपनी उपज को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर बेचने से उन्हें बहुत राहत मिली है। वे अपनी मेहनत का सही मूल्य पा रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर आर्थिक स्थिति का सामना करने में मदद मिल रही है। इससे उनका उत्साह बढ़ा है। रामायण सिंह के साथ आए उनके बेटे ओम प्रकाश ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए किए गए प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से किसानों के जीवन में बड़े बदलाव आ रहे है। ओम प्रकाश ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है और वे अपनी मेहनत के सही मूल्य को प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना से अब किसानों को केवल अनाज ही नहीं, बल्कि उनके कठिन परिश्रम का सही पुरस्कार भी मिल रहा है।



रामायण सिंह ने बताया कि उनके परिवार में कुल 4 सदस्य हैं, जिसमें उनकी पत्नी श्रीमती वृंदा, उनका बेटा ओमप्रकाश और बहू शामिल हैं। वे सभी मिलकर अपने करीब 10 एकड़ कृषि भूमि पर मेहनत करते हैं और फसल उगाते हैं। रामायण सिंह का परिवार कृषि को अपनी जीवनशैली मानता है, और इसके लिए सभी सदस्य एकजुट होकर काम करते हैं। परिवार की सामूहिक मेहनत और समर्पण से उनकी फसल उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। वे सभी कृषि कार्य में मेहनत और लगन से काम करते हैं, जिससे उनकी भूमि से अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। इस पारिवारिक एकजुटता के कारण ही वे कृषि में सफलता प्राप्त कर पा रहे हैं और अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। किसान रामायण सिंह ने बताया कि पिछले सीजन में उन्होंने समिति में 168 क्विंटल धान बेचा था और कृषक उन्नति योजना के तहत उन्हें आदान राशि के रूप में 1.50 लाख से अधिक राशि खाते में प्राप्त हुई थी। इस राशि से उन्हें इस खरीफ सीजन में फसल उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता मिलती है। जिससे कृषक अपनी उत्पादन बढ़ाने हेतु उन्नत तकनीकों, उत्तम किस्म के बीजों, खाद, रासायनिक उर्वरकों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर पाते है , जिससे उनकी उत्पादन क्षमता और आय में निश्चित ही वृद्धि होती है। इस वर्ष धान विक्रय से मिलने वाली राशि के उपयोग वे अपने घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही अपनी कृषि को और अधिक समृद्ध बनाने में करेंगे।किसान रामायण सिंह और उनके बेटे ओमप्रकाश ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि, हम छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने किसानों के लिए इस योजना को लागू किया। यह योजना न केवल हमारे श्रम को सम्मानित करती है, बल्कि हमारे उपज का उचित मूल्य भी सुनिश्चित करती है। जिससे हमारी मेहनत को सही पहचान मिल रही है और हम अपनी खेती से अधिक लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं। हम सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हैं और आशा करते हैं कि ऐसी योजनाएं आगे भी हमारे जीवन को बेहतर बनाएंगी।

# बांस की टोकरी नहीं बिकती तो महतारी वंदन योजना की राशि बनती है मददगार

**बिरहोर सुनिता के खाते में हर माह आ जाती है एक हजार की राशि**



कोरबा । विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय से आने वाली बिरहोर सुनिता परम्परागत व्यवसाय से जुड़ी हुई है। वह बांस लाकर टोकरियां बनाती है। पति के सहयोग से सूपा, पर्रा, दौरी सहित अन्य घरेलू सामग्री बनाती है। बांस से बनी सामग्रियों को बेचने से जो आमदनी होता है उसी से ही सुनिता का घर चलता है। चूंकि इन सामग्रियों की बिक्री कभी होती है कभी नहीं होती, इसलिए सुनिता को अक्सर पैसे की कमी पड़ती थी। पैसा हाथ में नहीं होने से घर का जरूरी सामान भी नहीं ले पाते थे। इस बीच जब महतारी वंदन योजना प्रारंभ हुई और सुनिता के खाते में हर माह एक हजार की राशि आने लगी तो उनकी अनेक समस्या दूर हो गई। अब वह बेफिक्र है कि बांस की सामग्री बिके न बिके, एक हजार रूपए खाते में जरूर आ जाएंगे और घर का खर्च चलता रहेगा। पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम डूमरकछार में रहने वाली बिरहोर जनजाति की सुनिता बाई ने बताया कि उसके हाथ में एक साथ कभी भी एक हजार रूपए नहीं आता था। बांस से जो घेरलू सामग्रियां बनती है, उसे कुछ पैसे में बेचकर जैसे-तैसे जीवन चला लेते हैं। जरूरी नहीं कि हर दिन नया सामग्री बन जाए और यह भी जरूरी नहीं कि बांस की बनी सामग्री हर दिन बाजार में बिक जाएं। ग्राहको के मोल-भाव के बीच कुछ रूपए मिल तो जाते हैं, लेकिन घर के अन्य कामों के लिए भी पैसे की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि पति भी बांस की सामग्री बनाने में मदद करते हैं। बीपीएल का राशनकार्ड होने और सरकार द्वारा मुफ्त में अनाज देने से घर पर आर्थिक भार नहीं पड़ता। बिरहोर सुनिता बाई ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं के हित में निर्णय लेते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की है। इस योजना से हर महीने खाते में एक हजार रूपए मिलता है, इस राशि का उपयोग घर में राशन के सामान के लिये होता है। कभी-कभी रिश्तेदारों के यहां जाने के लिए बस किराया सहित बच्चों के लिए जरूरी सामान खरीदने में भी महतारी वंदन योजना की राशि मददगार बन रही है।



## सांसद ने एसईसीएल के चार क्षेत्रों के लिए अग्रवाल को बनाया अपना प्रतिनिधि

कोरबा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष, छुरीकला निवासी विनोद अग्रवाल पिता लक्ष्मीचंद अग्रवाल को कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले एसईसीएल कोरबा क्षेत्र, कुसमुंडा क्षेत्र, गेवरा क्षेत्र, दीपका क्षेत्र के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्रीमती महंत ने सभी एसईसीएल क्षेत्रों के मुख्य महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में कहा है कि एसईसीएल क्षेत्रों में होने वाली मासिक/तिमाही बैठकों में मेरी अनुपस्थिति में विनोद अग्रवाल मेरा प्रतिनिधित्व करेंगे। सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद विनोद अग्रवाल ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ मिली जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा। अग्रवाल को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों, इष्ट मित्रों एवं परिजनों में हर्ष व्याप्त है। अग्रवाल ने नई जिम्मेदारी मिलने पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का आभार जताया है।

## ठगी पर मामले किए जाए दर्ज

कोरबा। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने फोन के माध्यम से राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा व बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला से चर्चा की। अधिकारीद्वय को अवगत कराते हुए कहा कि कोरबा जिला सहित अन्य जिलों में फ्लोरा मैक्स कंपनी से जुड़े महिला लीडरों के द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ ठगी किया गया है।

फ्लोरा मैक्स के लीडरों का साठगांठ फाइनेंस कंपनी के लोगों से था, इसलिए महिलाओं को 5 से 10 मिनट के अंदर लोन दिलाकर लोन की रकम 30300 रुपये देने के पश्चात 30000 रुपये का ही रसीद महिलाओं को दिया जाता था। यहीं से ठगी की शुरुआत हुई है। सभी थाना-चौकी क्षेत्र में संचालित ब्रांच से अलग-अलग टीम लीडरों के द्वारा पैसा वसूलने का काम किया गया है इसलिए सभी थाना-चौकी क्षेत्र में प्रकरण दर्ज करना चाहिए।

कंवर ने कहा कि कोरबा जिले में प्रशासन की ओर से फ्लोरा मैक्स के संबंध में अभी तक किसी प्रकार की अपील पीड़ित महिलाओं से नहीं किया गया है कि वे लोग अपनी शिकायत पुलिस के पास जरूर दर्ज करावें और प्रशासन उस पर संज्ञान लेगा। इस कारण से ठगी का शिकार हुई महिलाओं और कुल राशि का आंकड़ा अभी तक जिले में स्पष्ट रूप से नहीं आया है।ननकी राम कंवर ने कोरबा जिला सहित अन्य जिले में ठगी का शिकार हुई महिलाओं से अपील की है कि आप लोग अपनी शिकायत लिखकर संबंधित थाना, पुलिस चौकी, पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को जरुर देवें जिससे कितने महिलाओं के साथ में ठगी हुआ है और कौन-कौन फाइनेंस कंपनी ने महिलाओं को लोन फाइनेंस किया है, इसकी जानकारी मिल सके। यह भी पता चल सकेगा कि फ्लोरा मैक्स कंपनी के किन-किन लोगों की संलिप्तता इस स्कैम में है। पीड़ित महिलाएं शासन-प्रशासन की मदद के लिए अपनी शिकायत जरूर दर्ज कराएं।

## सामान्य सभा की बैठक में विभागों की हुई समीक्षा

कोरबा । जिला पंचायत के सभागार में शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला सिंह कंवर की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विभागीय योजना के कार्यों की समीक्षा की गई ।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर के द्वारा सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग की उपस्थिति में कृषि विभाग, सहकारिता एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाए, जिससे ग्रामीण विकास हो सके। जनप्रतिनिधियों ने लोकहितकारी मुद्दों को लेकर विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को देने की बात कही। सीईओ जिला पंचायत श्री नाग ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा शासन के निर्देशानुसार किसानों को धान बेचने की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रीना अजय जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्री गणराज सिंह कंवर,श्री संदीप कंवर, श्री राम नारायण उरैती, श्रीमती गोदावरी राठौर,श्रीमती नीलिमा धृतलहरे, श्रीमती उर्मिला मरकाम, सर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत, उपसंचालक जिला पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**पूर्वमंत्री उमेश पटेल प्रभारी, बबीता सिंह एवं देवेन्द्र सिंह बनाए गए सहप्रभारी**

# ओपन थियेटर में सोमवार को कांग्रेस जिला कार्यकारिणी कर रही बड़ा कार्यक्रम

कोरबा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय संविधान की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस के हिसाब से प्रभारी एवं कार्यक्रम प्रभारी बनाये गये है। कोरबा जिला के लिए पूर्वमंत्री उमेश पटेल को कार्यक्रम प्रभारी तथा श्रीमती बबीता सिंह एवं देवेन्द्र सिंह ठाकुर को सहप्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

कोरबा जिलें में संविधान रक्षक अभियान 9 दिसंबर दिन सोमवार को घंटाघर चौक के समक्ष बाबा साहेब डॉ. भीव राव अंबेड़कर की प्रतिमा के समक्ष दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया है।उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्वमंत्री उमेश पटेल, पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल, सह-प्रभारी बबीता सिंह, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, श्याम लाल कंवर, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार सहित महापौर, सभापति, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत, जनपद पंचायत, उपाध्यक्ष, सदस्य, पार्षदगण, जिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक, इंटक, जोन, वार्ड एवं बुथ के पदाधिकारी सहित कांग्रेस संगठन के सभी प्रकोष्ठ व मोर्चा संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी विभिन्न संगठनों, जिनका बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर द्वारा बनाये संविधान की मजबूती एवं रक्षा पर विश्वास है, उन्हें कार्यक्रम में सादर आंमत्रित किया गया है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों हेतु 23 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

कोरबा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों एमओ-आयुष (आरबीएसके), फिजियोथैरेपिस्ट-एनएचएम /एनयूएचएम, डेटा असिस्टेंट-एनएचएम, लैब सुपरवाईजर-एनटीईपी, नर्सिंग ऑफिसर-एनएचएम/ एनयूएचएम / एनएमएचपी/ एनआरसी/ ट्रॉमा एण्ड एमरजेंसी, कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर-एएएम, फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर, एलटी-एनएमएम, ऑफ्थैलेमिक असिस्टेंट, फिडिंग डेमोंस्ट्रेटर काउंसलर एएनएम-आरबीएसके/एनयूएचएम, डेंटल असिस्टेंट, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट-पीएडी इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 23 दिसंबर 2024 शाम 05:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। तथा जिले की वेबसाइटका अवलोकन किया जा सकता है।

## राज्य वीरता पुरस्कार 2024 हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा । राज्य वीरता पुरस्कार 2024 हेतु प्रविष्टियां निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक 02 जनवरी 2025 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास में आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## लोक उद्यम चयन बोर्ड ने एसईसीएल के सीएमडी के लिए हरीश के नाम की अनुशंसा की



कोरबा। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशक तकनीकी हरीश दुहन अब साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नए सीएमडी होंगे। पीईएसबी पैनल ने नाम की सिफारिश की है। शनिवार की सुबह हुई बैठक में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (अनुसूची बी) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद के लिए हरीश दुहान के नाम पर मुहर लगाई गई। 1989 से कोल इंडिया ज्वाइन करने वाले श्री दुहन ने इसी साल मार्च में निदेशक (तकनीकी एवं परिचालन), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के पद पर सेवाएं प्रदान कर रहे थे। रेस में शामिल रहे कुल 11 आवेदकों का लिया गया साक्षात्कार शनिवार 7 को सुबह 09: 30 बजे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार अंतर्गत लोक उद्यम चयन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक साउथ ईस्टम कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद के चयन (अनुसूची बी) के लिए आयोजित की गई। चयन बैठक में कुल 11 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार में हिस्सा लेने वाले आवेदकों में एमडी अंजार आलम, निदेशक (वित्त) निदेशक (वित्त) और निदेशक (कार्मिक) अतिरिक्त प्रभार, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजनीश नारायण, निदेशक (वित्त), नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, हरीश दुहन, निदेशक (तकनीकी एवं परिचालन), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, दारला सुनील कुमार, निदेशक (वित्त) - वित्त विभागाध्यक्ष, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, पीडी राठी, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष (सुरक्षा एवं बचाव), नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, चितरंजन कुमार, सुरेश चंद्र सुमन, निदेशक (खनन) निदेशक (खनन) एवं निदेशक (योजना एवं परियोजनाएं) (अतिरिक्त प्रभार), एनआईसी इंडिया लिमिटेड सत्येन्द्र राय, कार्यकारी निदेशक, एनएमडीसी लिमिटेड, नवीन कुमार सिंह, मुख्य सामग्री प्रबंधक सीएमएम- एसईसीआर/बिलासपुर, भारतीय रेलवे भंडार सेवा प्रवीण कुमार पांडे, मुख्य महाप्रबंधक मुख्य महाप्रबंधक (नामित) ओएफसीएच, म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड शामिल रहे।1989 में कोल इंडिया ज्वाइन किया, इसी साल मार्च में संभाला था ष्टष्टरु में निदेशक तकनीकी का पदभार इसी साल एक मार्च 2024 को श्री हरीश दुहान ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड(ष्टष्टरु) में निदेशक तकनीकी का पदभार ग्रहण किया। वे 1989 में कोल इंडिया में शामिल हुए थे और उन्हें कोयला क्षेत्र में विभिन्न पदों पर तीन दशकों से अधिक का विविध अनुभव है। उसके पहले श्री दुहन को पिछले साल नवंबर 2023 में ही के नए निदेशक तकनीक की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके पहले वे ह्रष्टरु के जीएम के पद पर सेवाएं दे रहे थे। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने इंटरव्यू के बाद उनके नाम की अनुसंशा कर रांची स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के नए निदेशक (तकनीक) के पद पर चयनित किया गया था।

## खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कोरबा। बालको टाउनशिप में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें टाउनशिप अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हितानन्द अग्रवाल, पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, कोरबा ने शिक्षा एवं खेल कूद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन, संघर्ष और टीम वर्क की महत्ता सिखाता है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रमणि यादव, राजकुमार यादव, रविन्द्र यादव, मनेश्वर पेगु, महेन्द्र चन्द्रा, रामगोविन्द बरेठ, मनेन्द्र कुर्रे, सीमा डहरिया, विमला मार्को और प्राचार्या नीलम सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट खेल पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिए गए।

## बिना मुआवजा मिले सड़क नहीं बनाने देंगे-ग्रामीण

**एसडीएम की बैठक में शामिल होने पहुंचे ग्रामीण**

कोरबा। कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा पतरापाली फोरलेन सड़क से एनएचएआई के प्रभावित जुराली के ग्रामीणों की कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह ने बैठक ली। इस बैठक में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि जब तक मुआवजा का वितरण नहीं होता, तब तक सड़क निर्माण होने नहीं देंगे।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 12 व 13 ग्राम जुराली के 111 किसानों ने अब तक मुआवजा नहीं लिया है। एसडीएम ने कहा कि सड़क का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। प्रभावित ग्रामीग मुआवजा ले सकते हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि मुआवजा का निर्धारण नियमों के मुताबिक होना चाहिए। विधायक ने ग्रामीणों की ओर से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सही मुआवजा जब तक नहीं होता, तब तक सड़क का निर्माण नहीं करना चाहिए। ग्रामीणों ने अब तक किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी। विधायक श्री पटेल ने यह भी कहा है कि मांग जब तक पूरी नहीं होती, मैं ग्रामीणों के साथ ही खड़ा रहूंगा। दूसरी ओर मुआवजा प्रकरण को लेकर इरशाद काजी ने फिर से आर्बिट्रेटर बिलासपुर कमिश्नर के समक्ष याचिका लगाई है। उसको सुनवाई अभी चल रही है।

## राज्य को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए शुरू हुए अभियान को सफल बनाने पर दिया जोर

कोरबा । प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के तहत ढोढीपारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में जनता के हित और बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में घर-घर पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए यह पहल की गई है। टीबी से रोकथाम के लिए जरूरी है की बीमारी की पहचान समय रहते हो जाय। इसके लिए जरूरी है कि किसी भी तरह से परेशानी होने पर तत्काल स्वास्थ की जांच जरुर कराएं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि 2025 तक देश को बीमारी से मुक्त करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने की दिशा में यह 100 दिवसीय निक्षय अभियानएक सकारात्मक पहल है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए इसे जन-आंदोलन बनाना जरूरी है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों, और सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों से अपील की कि वे इस 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान का हिस्सा बनकर टी.बी. मरीजों की मदद करें और उन्हें बताए कि अब टी.बी. लाइलाज बीमारी नहीं है, इसका इलाज संभव है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पार्षद घनसाय साहू, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, पुनीराम साहू, राजेश साहू, हारबाई यादव, सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी, डीपीएम पद्माकर शिंदे सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।

## मैगजीनभांटा नाले में कलवर्ट और एप्रोच मार्ग के निर्माण की कैबिनेट मंत्री ने रखी नींव



कोरबा । नगर विधायक और वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 23 पंडित रविशंकर शुक्ल नगर मैगजीनभांटा स्थित कच्चे नाला पर कलवर्ट और एप्रोच मार्ग के निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कुल 25 लाख की लागत से होने वाले उपरोक्त कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल नगर वॉर्ड से खरमोरा और दादरखुर्द वॉर्ड के रहवासियों की आवाजाही में पिछले कई वर्षों से परेशानी बनी हुई थी। विधानसभा चुनाव में जब क्षेत्र की जनता ने इन परेशानियों से अवगत कराया था, तब मैंने वादा किया था। आज इस वादे को निभाते हुए कार्यों का श्री गणेश किया जा रहा है। कलवर्ट और एप्रोच रोड बनने के बाद लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को किसी भी तरह से मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं होना पड़ेगा। हमारी कोशिश है कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्द प्रारम्भ कराकर पूर्ण भी कराएं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने निगम के अधिकारियों से कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने और गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान, सुकुंदी यादव, अजय गौंड, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सुमन सोनी, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, डॉ राजेश राठौर, गुड़िया यादव, लक्ष्मण श्रीवास, चन्दन सिंह, रमा मिरि, गोपालाल राठिया, हेमंत चंद्रा सहित अन्य उपस्थित रहे। चार वार्डों के लगभग सवा करोड़ के कार्यों की रखेंगे आधारशिलाउद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन रविवार को वार्ड क्रमांक 32 कोसाबाड़ी ओम फ्लेट्स के समीप सामुदायिक भवन में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में चार वार्डों में होने वाले लगभग सवा करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे।

# विवादों के बीच कांग्रेस नेताओं ने किया अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

## कार्यक्रम में नहीं पहुंचे विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और सांसद





**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर नैला नगर पालिका क्षेत्र मे कचहरी चौक के पास निर्मित भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण शनिवार को विवादों के बीच संपन्न हो गया। भाजपा पार्षदों की आपत्ति और सीएमओ की चेतावनी के बाद भी जिले के तीनों काग्रेसी विधायको और नगर पालिका अध्यक्ष ने मिलकर लोकार्पण कर दिया। यहां तैनात पुलिस मूकदर्शक बनकर सब कुछ देखती रही जिन्होंने जरा भी विरोध नहीं किया, वही जिला प्रशासन के अधिकारी देरी से पहुंचे। बाबा भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा अनावरण के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा समय निर्धारण नहीं होने के बाद भी लोकार्पित करने को गलत बताया नगर के लोग गलत कह रहे हैं वही कांग्रेसियों का दलील एल सहित ठहराया जा रहा है।

जांजगीर नैला नगर पालिका क्षेत्र के कचहरी चौंक के पास बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए शासन ने लाखों रूपये की स्वीकृति दी थीं। बाबा अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित कर दी गई है।इसके समारोहपूर्वक लोकार्पण के लिए समय तय किया जाना था।

इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल ने 7 दिसंबर को लोकार्पण का आमंत्रण कार्ड छपवाकर वितरण करा दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत और सांसद कमलेश जांगड़े के साथ कांग्रेस के तीनो विधायकों को अतिथि बनाया गया था। इधर बीजेपी पार्षदों ने इसे गलत ठहराते हुए 6 दिसंबर को जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके बाद नगर पालिका के सीएमओ ने कार्यक्रम को बिना सूचना के बताते हुए अवैध घोषित किया था, और 7 दिसंबर को पालिका प्रशासन द्वारा डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण नहीं होने की प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर लग रहे पंडाल को देर शाम हटा लिया गया । शनिवार 7 दिसंबर को सुबह से कचहरी चौंक मे पुलिस बल तैनात किया गया था। इसी बीच दोपहर में नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल के साथ कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप, राघवेंद्र कुमार सिंह और शेषराज हरबंश समेत कांग्रेस सैकड़ो कार्यकर्ता अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और प्रतिमा में लगे कपडे कों हटा कर लोकार्पित कर दिए। इस मामले में जिला प्रशासन ने बाबा अम्बेडकर के प्रतिमा अनावरण के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा समय निर्धारण नहीं होने के बाद भी लोकार्पित करने को गलत बताया।

वहीं लोकार्पण को विधि के विपरीत बताते हुए पूरे मामले की जानकारी लेने की बात जिला प्रशासन द्वारा की गई।

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के लोकार्पण में जिस तरह सियासत गरमाई है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जांजगीर में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने खुद को इस कार्यक्रम से दूर ही रखा। परंतु उनके खुद के कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप, राघवेंद्र कुमार सिंह,शेषराज हरबंश तथा नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास ने मिलकर मूर्ति का अनावरण कर दिए इसका नगर में पूरे दिन चर्चा होता रहा।

इस दौरान पूरे दिन गहमागहमी का माहौल रहा है जहां कग्रेसी नेता काफी उत्साहित दिखे वही शाम होने पर कैंडल। जलाकर अपनी आस्था एवं श्रद्धांजलि अर्पित भी उनके द्वारा गई की गई।

# पुलिस की तत्परता से एक घंटे में गुम बालक परिजनों को मिला



**जांजगीर चांपा ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बालक अचानक अपने परिजनों से बिछड़ गया और लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने तत्परता से गुल बालक को ढूंढ निकाला और उसके परिजनों को सौंप दिया। सिटी कोतवाली प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि कोरबा निवासी कमलेश यादव जो अपने परिवार बच्चों के साथ शनिवार को रिश्तेदार के यहां पुराना कलेक्ट्रेट के पास जांजगीर आया था। कमलेश का तीन साल का पुत्र भावेश यादव दोपहर 3 बजे करीबन अचानक घूमते घूमते कहीं गुम हो गया था। आज-पास खोजने पर नहीं मिला। जिसकी सूचना निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर को मिलने पर तत्काल बालक की पातासाजी के लिए जांजगीर शहर के चौक चौराहों तरफअलग-अलग थाना स्तर से टीम गठित कर पातासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि बालक घूमते-घूमते नेताजी चौक हरियाणा जलेबी दुकान तरफआ गया था। जिसे थाना जांजगीर पुलिस द्वारा सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर उसके परिवारजनों ने पुलिस का धन्यवाद दिया है। बच्चे की पतासाजी करने में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर एवं एएसआई रामप्रसाद बघेल व उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

## अगले दो दिन हल्की बारिश की संभावना

**जांजगीर।** जिले में 6 दिसंबर के बाद से मौसम बदल गया है। 8 दिसंबर को कई जगहों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। हल्की बारिश और बूंदाबांदी से मौसम ठंडा रहेगा, लेकिन शनिवार को सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे। अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम 17 डिग्री के आसपास रहा। इसके कारण गर्मी महसूस हुई।9 और 10 दिसंबर से प्रदेश में मौसम साफ होगा और रात के तापमान में गिरावट शुरू होगी। इससे ठंड बढ़ेगी। पिछले चार दिनों से ज्यादा ठंड नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार समुद्र से बड़ी मात्रा में नमी आएगी। प्रदेश में इस समय दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। इस वजह से ठंड लगभग गायब हो गई है। दिन का तापमान 27 से 32 डिग्री के बीच बना हुआ है।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**सारागांव ।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने शुक्रवार 6 दिसंबर को नगर के बेड़ा चौक पर सामुदायिक भवन एवं तिवारी वाड़ा चौक में मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित किसान सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर उपस्थित किसानों से धान खरीदी को लेकर व्यापक चर्चा कर आवश्यक जानकारी दी गई। बेड़ा चौक पर डॉ. महंत का मोहल्लेवासियों ने जोरदार स्वागत किया।

डॉ. महंत को मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष रामकिशन सूर्यवंशी व उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर के नेतृत्व में बूंदी के लड्डू से तौला गया। फिर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। नगर के तिवारी बाड़ा चौक के पास मंडी बोर्ड द्वारा बनाए गए किसान सामुदायिक भवन का डॉ. महंत नेफीता काट कर लोकार्पित किया। यहां उपस्थित किसानों से धान खरीदी के संबंध मे ब्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अध्यक्ष रामकिशन सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर, ठाकुर गुलजार सिंह, राजेंद्र शुक्ला, लगन साय सूर्यवंशी, सुनील राठौर, प्रमोद राठौर, लाल गोपी राठौर, दूज राम देवांगन, दिनेश सिंह राठौर, छबिलाल दरैहा, चैतराम अनिता सूर्यवंशी, विजय सोनू राठौर, राजेन्द्र सिदार, दिपक राजू राठौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, शाश्वत दीवान, राजेश अग्रवाल, दिनेश राठौर, रोशन बरेठ, रामअवतार सरोज यादव सहित नगर व अंचल से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद सहसराम कर्ष ने किया।

## बिना सूचना केबल बदलने के कारण 6 घंटे तक गुल रही बिजली

**जांजगीर।** बिना सूचना दिए केबल बदलने के कारण शहर में 6 घंटे तक बिजली गुल रही। इससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा पानी नहीं भरने व नहाने के लिए परेशानी हुई। इसके अलावा लोगों का कहना था कि इतना लंबा बिजली गुल करने से पहले जानकारी देना चाहिए थी। जिला मुख्यालय के न्यू चंदनिया पारा क्षेत्र में बिछाए गए बिजली के तार काफी जर्जर हो चुके हैं। आए दिन तार टूटते रहते हैं, इससे बिजली आपूर्ति ठप रहती है। साथ ही जिले में पुराने बिजली के तार की जगह केबल लगाने का भी चल रहा है। ताकी बिजली चोरी रोकी जा सके। इसी के तहत बिजली विभाग ने शनिवार को न्यू चंदनिया पारा इलाके में जर्जर तारों की जगह नए केबल डलवाने का काम शुरू कराया। इसके चलते सुबह से ही वार्ड 6, 7 व लिंक रोड समेत कई इलाकों की बिजली बंद कराई गई। सुबह से सप्लाई ठप हो जाने से दो से तीन घंटे बाद लोगों के घरों व दुकानों के इनवर्टर धड़ाम हो गए। बिजली न आने से लोग तिलमिला उठे। बिजली विभाग के अधिकारियों के पास फोन पहुंचने लगे तो उन्हें बताया गया कि तार बदले जा रहे हैं। तब लोगों का गुस्सा कुछ शांत हुआ। शाम तक तार बदलने का काम चलता रहा। लंबे समय से बिजली बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को पानी को लेकर हुई। जानकारी नहीं होने के कारण अधिकांश घर वाले पानी नहीं भर पाए थे। साथ ही सुबह के समय कई लोग स्नान भी नहीं कर पाए थे।


छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर

प्रोफार्मा 10-01

सार्वजनिक अधिसूचना

रेलवे लाइनों एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में गेवरा रोड (छोड़कर) – सुराकछार (सहित) के बीच नवनिर्मित सिंगल लाइन ओएचई पर 25,000 वोल्ट 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों एवं संबंधित आक्जिलियरी ट्रांसफार्मर को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर तथा उस तारीख के बाद शिरोपरी कर्षण लाईन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा तथा कोई अनाधिकृत व्यक्ति का उस शिरोपरी कर्षण लाईन की सामीप्यता में दाखिल होना या काम करना वर्जित है।

| सेक्शन/स्टेशन | मंडल | लाईन | दिनांक |
|---|---|---|---|
| गेवरा रोड (छोड़कर) – सुराकछार(सहित) तक सिंगल लाईन ओ.एच.ई. जिसमें 1 आक्जिलियरी ट्रांसफार्मर (10KVA) 1 लूप लाईन, 2 क्रासओवर और सुराकछार एसईसीएल साइडिंग से लिंकिंग शॉट है। (सीईडब्लूआरएल सीमा तक) | बिलासपुर | 1. ओ.एच.ई. मेन लाईन लोकेशन किमी 711/C-6N (Ch. 0.775) से लोकेशन 4/14 (Ch. 4.218) 2. सुराकछार यार्ड का ओएचई: अ) एल-3, लोकेशन 2/32 (Ch. 2.638) से लोकेशन 3/26A (Ch. 3.638) तक ब) लोकेशन 3/16 (Ch. 3.457) से लोकेशन SUR-1/5 (Ch. 3.322) तक सुरकछार साइडिंग से लिंकिंग शॉट स) क्रॉसओवर – 106 मीटर लंबाई के 2 नग **कुल 3.100 आरकेएम/ 4.790 टीकेएम** | **08.01.2025** |

प्रोफार्मा 10-02

ए.सी. 25 के.वी. कर्षण को चालू करना सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी

जन साधारण की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में **गेवरा रोड (छोड़कर) - सुराकछार (सहित)** के बीच नवनिर्मित सिंगल लाइन ओएचई पर 25 केवी एसी विद्युत कर्षण की शुरूआत के संबंध मे लोकेशन 711/C-6N (Ch 0.775) से लोकेशन 4/14 (Ch 4.218) तक संबंधित आक्जिलियरी ट्रांसफार्मर, 1 लूप लाइन, 2 क्रॉसओवर और सुराकछार एसईसीएल साइडिंग सेक्शन को जोड़ने के लिए (सीईडब्लूआरएल सीमा तक), सभी लेवल क्रॉसिंग पर सड़क स्तर से 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ ऊंचाई गेज लगाए गए हैं ताकि अत्यधिक ऊंचाई के भार को विद्युत कर्षण तार के संपर्क मे आने या खतरनाक निकटता से रोका जा सके, जो लेवल क्रॉसिंग पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों मे माल लादने के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें तथा यह भी देखें कि सड़क वाहनों मे ले जाए जाने वाले माल से किसी भी परिस्थिति मे अतिलंघन न करे। अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है – (i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और रेलवे लाइन पर बाधा। (ii) वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा। (iii) चालकों के खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

**ऊर्जाकरण की तिथि- 08-01-2025**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर, रायपुर (छ.ग.)




## पुराने एनएच को किया बंद फिर भी हो रहा आना-जाना

**जांजगीर।** नेशनल हाईवे 49 के कई जगहों पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। इं?डरा उद्यान के पास हाईवे से अकलतरा की जाने के लिए पुराना एनएच भी है। लोग नगर के अंदर आने-जाने के लिए इस रास्ते का उपयोग अब भी कर रहे हैं। गलत दिशा से वाहन आने से यहां कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके कारण यह रास्ता डेंजर जोन बना गया है। हाल ही में प्रशासन की टीम ने हादसा रोकने के लिए रोड पर मिट्टी डलवा कर सड़क पर आवाजाही रोकने का प्रयास किया। लेकिन दूसरे दिन से ही यहां आवागमन फिर से शुरू हो गया है। बाइक व अन्य छोटे वाहन चालक इसी रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। अभी भी यहां हादसे होने की संभावना बनी हुई है।

## जाली तार की चोरी, चोर गिरोह का पर्दाफाश

**बाराद्वार ।** नवागांव में नदी किनारे शासकीय नर्सरी से चोर गिरोह ने जाली तार को पार कर दिया। बाराद्वार पुलिस ने मामले में 7 चोर और 1 खरीददार को, गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल बरामद किया गया है।



इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार निवासी संतराम प्रधान पिता स्व: केदार नाथ प्रधान ने बाराद्वार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पंचायत नवागांव में नदी किनारे शमसान घाट के पास शासकीय नर्सरी में विगत 3 माह पूर्व ग्राम नवागांव द्वारा 30 बण्डल जाली तार से नर्सरी के चारों ओर फेसिंग कराया गया था। इस दौरान 5 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे मुक्तिधाम में चल रहे कार्य को देखने गया तब वहीं पास स्थित शासकीय नर्सरी के चारों तरफ लगाये गये करीब 29 बण्डल जाली तार को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। मुखबिर की सूचना के आधार पर बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम दुरपा निवासी प्रभुदयाल यादव उर्फ घुंघरू पिता संपत लाल यादव उम्र 22 साल, पुष्पेन्द्र महंत पिता छबि दास महंत उम्र 25 साल, राजकुमार राठौर पिता फिरत राम राठौर उम्र 23 साल, कृष्ण कुमार केंवट उर्फ संदीप केंवट पित्ता ईतवारी राम केंवट उम्र 20 साल, शांति लाल केंवट पिता जयपाल केंवट उम्र 22 साल, समीर यादव पिता राम लाल यादव उम्र 19 साल एवं कृष्ण मोहन राठौर पिता राजेन्द्र राठौर उम्र 29 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में नर्सरी में फेंसिंग किये जाली तार को चोरी करना स्वीकार किया। वहीं चोरी किया तार भुरकाडीह निवासी योगेन्द्र राठौर पिता मेघनाथ राठौर उम्र 37 साल को बेचने की जानकारी दी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए 29 बंडल जाली तार व पीकप वाहन बरामद किया। आरोपियों को गिफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**जांजगीर।** ग्राम पंचायत सिवनी नैला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत परंपरागत कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें 108 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। यात्रा गांव के प्रमुख मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर पहुंची। रामपुर कोरबा से आए कर्मा नृत्य मंडली कलश यात्रा के आगे चली। मंडली ने पारंपरिक नृत्य से न केवल लोगों का मनोरंजन किया। इस सात दिवसीय आयोजन में कथा वाचन का कार्य कथावाचक आचार्य प्रवीण मिश्रा द्वारा किया जाएगा। आयोजन में यजमान रामनारायण वस्त्रकार और सुनीता वस्त्रकार हैं। कथा स्थल को विशेष झांकियों और दीपों से सजाया है। दूसरे दिन महाभारत की कथा, परीक्षित जन्म और श्री शुकदेव जी के आगमन का वर्णन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे पामगढ़, चर्चा की

**पामगढ़।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु अल्प प्रवास पर पामगढ़ पहुंचे। सर्व समाज के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

उन्होंने उपस्थित समाज प्रमुखों से छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ का जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय संगठन के गठन और सर्व समाज के प्रति जागरूक लाने चर्चा की। साथ ही जिला सम्मेलन कराने पहल की गई। इस दौरान धनमती यादव सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, केबी यादव, विभीषण पात्रे, डमरु प्रसाद मनहर, रामप्रसाद कुर्मी, सुखसागर ओग्रे, किशन लाल यादव, परस दिनकर, चितरंजन यादव, दिनेश थवाईत, लक्ष्मी महेश, शशीप्रताप टांडे, मनोज रात्रे, सन्नी यादव, आकाश यादव, लक्ष्मी नारायण यादव समेत सर्व समाज महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

***पामगढ़।** पामगढ़ में रौताही बाजार और रावत नाच महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर को नगर के स्टेडियम खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक रावत नाच शौर्य प्रदर्शन का आयोजन व्यापारी संघ, यादव समाज, नगर पंचायत पामगढ़ द्वारा कराया जा रहा है। राउत नाच महोत्सव में मुख्य अतिथि पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शेषराज हरबंस, अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स व गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ. सोमनाथ यादव, अति विशिष्ट अतिथि संरक्षक व्यापारी संघ पामगढ़ रामखिलावन ओग्रे के आतिथ्य में किया जाएगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस को झारसुगुड़ा स्टेशन तक बढ़ाएं: सांसद जांगड़े



**सक्ती।** जांजगीर-चाम्पा संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों की विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा की सांसद कमलेश जांगड़े ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मुलाकात की और उन्हें रेलवे स्टेशनों में यात्री ट्रेनों का स्टॉपेज देने, यात्री सुविधाएं बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा भी की। इस पर बोर्ड चेयरमैन ने सांसद की मांग पर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। लोकसभा क्षेत्र के सक्ती, बाराद्वार, सारागांव स्टेशनों में यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर सांसद कमलेश जांगड़े ने रेल्वे के चेयरमैन सतीश कुमार से मुलाकात की है। अपने मांग पत्र में सक्ती रेल्वे स्टेशन में जीआरपी कार्यालय, प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 व 2 पर लिफ्ट सुविधा, सक्ती स्टेशन को अमृत योजना का लाभ देने सहित ट्रेनों का स्टॉपेज, 1 और 2 नंबर प्लेटफॉर्म में शेड निर्माण, डिस्पले का सुधार, प्लेटफॉर्म में यात्री प्रतीक्षालय बनाने, यात्री सुविधाओं का विस्तार करने, सक्ती में अहमदाबाद एक्सप्रेस का स्टॉपेज, वंदे भारत ट्रेन को झारसुगुड़ा तक चलाने और उसका सक्ती में स्टॉपेज देने, आजाद हिंद पुणे हटिया एक्सप्रेस का स्टॉपेज, पटना एक्सप्रेस का स्टॉपेज व साप्ताहिक को प्रतिदिन करने गोंडवाना ट्रेन स्टॉपेज देने, प्लेटफॉर्म 2 से 3 जाने के लिए सीढ़ी वाले ब्रिज सहित यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बाराद्वार में हीराकुंड एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस, कुर्ला शालीमार एक्सप्रेस का स्टॉपेज देने, बाराद्वार के रेल्वे प्लेटफॉर्म में डिस्पले लगाने, सारागांव व जेठा में सभी पैसेंजर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की है। सिवनी रेलवे समपार पर रेल्वे ओवरब्रिज निर्माण करने सांसद कमलेश जांगड़े ने उक्त पत्र में सोंठी और टेमर रेल्वे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द शुरू करने की बात कही है।

## स्टोर मैनेजर ने 16 साल की लड़की से किया रेप-प्रकाश इंडस्ट्रीज में नौकरी लगाने का दिया था झांसा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जांजगीर-चांपा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी के स्टोर मैनेजर ने 16 साल की लड़की से दुष्कर्म किया है। आरोप है कि, उसने लड़की को कंपनी में जॉब लगवाने का झांसा दिया और यौन शोषण किया। इसके साथ ही उससे दो लाख रुपए भी वसूल कर लिया।



पीड़ित लड़की केस दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर काटती रही। इस बीच पुलिस ने पूछताछ के बहाने आरोपी मैनेजर को पकड़ा था, जिसे बाद में छोड़ दिया गया। अब पुलिस उसे फरार बता रही है। पूरा मामला तोरवा थाने का है।

16 वर्षीय लड़की तोरवा क्षेत्र में रहती है। वो अकलतरा में प्राइवेट जॉब करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में काम करने वाले मुकेश शर्मा से हुई। मुकेश ने लड़की का मोबाइल नंबर लिया, जिसके बाद वो बातचीत करने लगा।

बातचीत में उसने लड़की को बताया कि, उसका मामा कंपनी में जनरल मैनेजर है और वो उसकी नौकरी लगवा देगा। इस तरह से उसने पहले लड़की को झांसा देकर अकलतरा मिलने बुलाया।

**एफआईआर कराने थाने का चक्कर काटती रही लड़की**

बताया जा रहा है कि, लड़की अपनी शिकायत लेकर तोरवा थाने पहुंची। लेकिन, पहले पुलिस ने उसकी एफआईआर नहीं की। साथ ही उसे अकलतरा थाने में केस दर्ज कराने की बात कही। वो कई दिनों तक चक्कर काटती रही। जिसके बाद पुलिस की टीम बीते 4 दिसंबर को मुकेश शर्मा को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने लेकर गई।

इस दौरान लड़की को एफआईआर दर्ज कराने के लिए दूसरे दिन थाने बुलाया गया। पुलिस की बात मानकर लड़की थाने से लौट गई। लेकिन, दूसरे दिन वो केस दर्ज कराने पहुंची, तब तक पुलिस ने आरोपी को थाने से छोड़ दिया था। वहीं, अब केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी को फरार बता रही है।

बताया जा रहा है कि, आरोपी मुकेश शर्मा पहले से शादीशुदा है। इसके बाद भी उसने 16 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित लड़की का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने आरोपी से मिलीभगत कर उसे थाने से भगा दिया। वहीं, उसे अब फरार बताकर तलाश करने का बहाना बना रही है।

## मठ मंदिर में सीता-राम विवाह महोत्सव

**शिवरीनारायण।** शुक्ल पक्ष पंचमी को श्रीराम जानकी विवाह उत्सव मनाया गया। शिवरीनारायण मठ से शाम 5 बजे भगवान की बारात शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकली। सबसे पहले बड़े मंदिर के सामने भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात अवधपुरी धाम से पधारे स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज व महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली। नगर के जिन चौक चौराहों से होकर शोभायात्रा आगे बढ़ते गई लोगों ने अपने-अपने द्वार के सामने पूजा की थाली लेकर भगवान की आरती कर परिवार के सुख शांति की कामना की। सभी लोगों ने अपने-अपने दरवाजे पर दीपक जलाकर दूल्हा-दुल्हन बने राघवेंद्र सरकार और माता जानकी का अभिनंदन किया। बारात रात्रि 8 बजे मठ पहुंची। बारात में विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, सुखराम दास, त्यागी महाराज, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, विधायक शेषराज हरवंश, विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, मोतीलाल देवांगन, चंद्रदेव राय, लखनऊ महंत स्वामी जगदेव दास महाराज, सुभाष दास महाराज तथा भागवताचार्य एवं मानस मर्मज्ञ नीरज कृष्ण शास्त्री महाराज उपस्थित थे।

***सक्ती।** शहर के हरेठी में स्थित सीबीएसई संस्कार पब्लिक स्कूल ने 15 दिसंबर शाम 5.30 बजे से तरंग 2024 पांचवें एनुअल फंक्शन का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सक्ती जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सक्ती के आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, नगर पालिका सक्ती की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, डॉक्टर खिलावन साहू और श्यामसुंदर अग्रवाल होंगे।

## अनमोल वचन......

कोई भी परिस्थिति क्यों ना हो सामने अगर आप खुद मज़बूत हो तो आपको कोई नहीं हरा सकता ।

# दंडित करने का मकसद

*ट्रंप ने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। इससे दुनिया को संदेश दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। भारत और यूरोप इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे शायद ही बच पाएं। डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के 56 दिन पहले ही अपने तीन प्रमुख व्यापार सहयोगी देशों के खिलाफ आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। इसके तहत 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालते ही वे कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। चीन से होने वाले आयात पर पहले ही अलग-अलग, लेकिन ऊंची दरों से आयात शुल्क लगाया जा चुका है। कनाडा और मेक्सिको के साथ अमेरिका का मुक्त व्यापार समझौता है। जाहिर है, इस घोषणा के जरिए ट्रंप ने दुनिया को यह संदेश भी दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। इस तरह उन्होंने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। भारत और यूरोपीय देश इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे बच पाएंगे, इसकी संभावना कम ही है। राष्ट्रपति चुनाव अभियान दौरान ट्रंप ने इन देशों के खिलाफ भी आयात शुल्क लगाने का इरादा जताया था। उसके मुताबिक भारत से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। ट्रंप की इस घोषणा ने अमेरिकी कारोबार जगत में उथल-पुथल मचा दी है। मंगलवार को यह एलान होते ही शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। उधर कारोबार से जुड़ी संस्थाओं ने दो-टूक कहा कि इस कदम के परिणामस्वरूप अमेरिका में महंगाई तेजी से बढ़ेगी, उद्योगों की लागत बढ़ जाएगी जिससे अमेरिकी निर्यात भी महंगे हो जाएंगे। उधर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यानी वे भी अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाएंगे। नतीजा होगा कि उन बड़े बाजारों में अमेरिकी निर्यात और महंगे हो जाएंगे, जिससे वहां अमेरिकी कंपनियों का हिस्सा घटना तय है। आम समझ है कि व्यापार चक्र को इस तरह पलटना किसी के फायदे में नहीं है। ट्रंप ने कहा है कि उपरोक्त तीनों देश मादक पदार्थ और अपराधियों को अमेरिका भेज रहे हैं, इसलिए उन्हें दंडित करने के मकसद से उन्होंने ये कदम उठाया है। मगर ये बात शायद ही किसी के गले उतरेगी।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज कोई बुज़ुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा। आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आपका दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुए हैं।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारू रूप से पूरे होते जाएंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा करके अच्छा लगेगा।

**तुला राशि-**आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई जरूरी काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

**धनु राशि-**आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं।

**मीन राशि-** आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा।

# भारतीय संविधान में कलात्मकता

गजेंद्र सिंह शेखावत

**हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज़ के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है।**

यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया है: मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ।

संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है।

संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दर्शाया गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है।

संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिज़ाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दर्शाता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से पेरुमलदा कहा जाता था।

संविधान का भाग 4, जो प्रथम अनुसूची के भाग, में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दर्शाता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिज़ाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं।भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे। बॉर्डर डिज़ाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है। शांतिनिकेतन में ललित कला संस्थान कला भवन ने भारत और दुनिया के सभी कोनों से छात्रों और कलाकारों को आकर्षित किया, इस प्रकार विभिन्न प्रभावों को समाहित करते हुए उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक इकोसिस्टम निर्मित किया और अंत में, एक अनूठी भारतीय शैली और कला निर्मित की। इस पर काम करने वाले कई कलाकारों ने अपने करियर में महान ऊंचाइयों को हासिल किया, लेकिन इस परियोजना के समय शांतिनिकेतन के छात्र और सहयोगी ही थे जो अपने श्रद्धेय 'मास्टर मोशाय' नंदलाल बोस के सपने को जीवंत करने के लिए प्रयत्नशील थे।

संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 'भारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधो' से संबंधित है। इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबिलापुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। 'गंगा का अवतरण' एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने के कथा को पत्थर में दर्शाती है। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्र पर दिखाई देते हैं और जमुना सेन का नाम बॉर्डर के बाएं निचले कोने पर दिखाई देता है।

भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है। बानी पटेल और नंदलाल बोस के नाम दाईं ओर नीचे दिए गए चित्रण पर दिखाई देते हैं और विनायक शिवराम मसोजी का नाम बॉर्डर के बाएं कोने पर दिखाई देता है।संविधान का भाग 7 'पहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्यों' से संबंधित है। इस खंड की शुरुआत में दिए गए चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दर्शाया गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पाई जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। चित्रण के निचले बाएँ भाग पर ए. पेरुमल का नाम भी दिखाई देता है। बॉर्डर डिज़ाइन में ब्योहर राममनोहर सिन्हा के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रस्तावना और कई अन्य पृष्ठों को भी डिज़ाइन किया था। यहाँ उन्होंने हिंदी में राममनोहर के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। यह संविधान के उन कुछ पन्नों में से एक है, जिस पर नंदलाल बोस और उनके सबसे वरिष्ठ छात्र ब्योहर राममनोहर सिन्हा दोनों के नाम हैं।

भारत का संविधान इस मायने में अनूठा है कि यह मूल रूप से एक हस्तलिखित दस्तावेज़ था। इसे अंग्रेजी में प्रेम बिहारी रायज़ादा और हिंदी में वसंत के. वैद्य ने सुलेखित किया था। रायज़ादा ने प्रवाहपूर्ण इटैलिक शैली का इस्तेमाल किया और सुलेख की कला अपने दादा से सीखी। संविधान हॉल (जिसे अब कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया के नाम से जाना जाता है) के एक कमरे में काम करते हुए, उन्होंने छह महीने के दौरान दस्तावेज़ तैयार किया। उन्होंने इसे लिखते समय सैकड़ों पेन निब का इस्तेमाल किया। भारत के संविधान के अंग्रेजी संस्करण के सुलेखक प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा (प्रेम) के हस्ताक्षर दस्तावेज़ के हर पृष्ठ पर दिखाई देते हैं। राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना को शुरू करने के लिए उन्होंने यही एकमात्र अनुरोध किया था।भारत का संविधान एक मौलिक कला ग्रंथ है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। भारतीय संविधान में कलात्मकता भारत के बहुस्तरीय इतिहास को दर्शाती है और सामाजिक सांस्कृतिक, पौराणिक, क्षेत्रीय, आध्यात्मिक, भौतिक परिदृश्य तथा अन्य कारकों के प्रति श्रद्धांजलि है जो भारत को एक अद्वितीय और जीवंत अनुभव बनाते हैं।यह एक ऐसे राष्ट्र की वास्तविकता को दर्शाता है जो अपने प्राचीन अतीत को स्वीकार करता है, विविधता में एकता का उत्सव मनाता है और भविष्य की ओर देखता है।

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं

//ललित गर्ग //

**फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है।**

फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती। तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है। यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। 2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी।

2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन था। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस- इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-कड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है।

## तस्वीरों की दुनिया



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में ग्लोबल हॉस्पिटल के उद्घाटन के दौरान रिबन काटा।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सभागार में निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ अभियान के शुभारंभ पर दीप प्रज्वलित किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी बैठक में संगठन के साथियों को संबोधित किया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के पिंडरा स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में समाजसेवी विभूति नारायण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते हुए।



झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन रांची में एक जनसभा के दौरान विभिन्न जिलों से आई पोषण सखी बहनों से बातचीत करती हुईं।

# किसान प्रतिनिधियों की वित्त मंत्री के साथ हुई बैठक; सस्ता कर्ज टैक्स कम करने और PM Kisan की राशि दोगुनी करने की मांग




नईदिल्ली, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट से पहले होने वाली बैठकों के क्रम में किसान प्रतिनिधियों और कृषि हितधारकों के साथ बैठक की। इस दौरान किसानों ने सरकार से सस्ता दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने, टैक्स कम करने और पीएम-किसान आय सहायता को दोगुना करने का आग्रह किया। बैठक में दो घंटे तक विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान वित्तीय राहत, बाजार सुधार और रणनीतिक निवेश जैसी कृषि क्षेत्र की कई चुनौतियों का समाधान करने पर विचार किया गया। भारत कृषक समाज के चेयरमैन अजय वीर जाखड़ ने कृषि उत्पादकता और किसान कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की जरूरत पर जोर दिया।किसानों की मुख्य मांगों में कृषि ऋणों पर ब्याज दर को एक प्रतिशत तक कम करना और वार्षिक पीएम-किसान किस्त को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करना शामिल था। हितधारकों ने इसके अलावा कराधान सुधार प्रस्तावों के तहत कृषि मशीनरी, उर्वरक, बीज और दवाओं पर जीएसटी छूट की मांग की।पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कीटनाशक पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का अनुरोध किया। जाखड़ ने राष्ट्रीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए चना, सोयाबीन और सरसों जैसी विशिष्ट फसलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आठ वर्षों के लिए सालाना 1,000 करोड़ रुपये की लक्षित निवेश रणनीति का प्रस्ताव रखा। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र की व्यापक समीक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि एमएसपी की गणना में भूमि किराया, कृषि मजदूरी और कटाई के बाद के खर्चों को शामिल करना चाहिए। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार शाम को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नार्थ ब्लाक स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात आरबीआई गवर्नर के रूप में दास के मौजूदा कार्यकाल के समाप्त होने से कुछ दिन पहले और मौद्रिक नीति बैठक के एक दिन बाद हुई है। दास का कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। उन्हें 2021 में तीन साल का दूसरा सेवा विस्तार मिला था।सूत्रों ने बताया कि दास और सीतारमण के बीच करीब आधे घंटे तक बैठक चली। अगर दास को सेवा विस्तार मिलता है तो वह दास बेनेगल रामाराव के बाद सबसे लंबे समय तक आरबीआई गवर्नर रहने वाले बन जाएंगे। बेनेगल रामाराव 1949 से 1957 तक 7.5 साल तक आरबीआई गवर्नर रहे थे। आरबीआई गवर्नर बनने से पहले दास ने वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग और आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के तौर पर काम किया था। उन्होंने 12 दिसंबर, 2018 को आरबीआई के 25वें गवर्नर के तौर पर पदभार संभाला था।

## महादेव सट्टा मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, 387 करोड़ की संपत्ति और कुर्क की, मॉरीशस की कंपनी भी शामिल




**नई दिल्ली 08 दिसम्बर।** महादेव सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा एक्शन लिया है। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत महादेव सट्टा मामले में 387.99 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने पांच दिसंबर को यह संपत्ति कुर्क की है। अटैच की गई संपत्ति में मॉरीशस की कंपनी तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्चुयुनिटीज फंड की चल संपत्ति भी शामिल हैं। इसे एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल में निवेश किया गया था।ईडी ने छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित अचल संपत्तियां को भी अटैच किया है। एजेंसी के मुताबिक यह सभी संपत्तियां कई सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और सहयोगियों की हैं। ईडी की जांच से पता चला है कि महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप एक सिंडिकेट के तौर पर काम करता है। इसमें व्यक्ति अपना पंजीकरण करता है। इसके बाद उसका यूजर आईडी बनता है। एप के पास बैनामी बैंक खातों का एक जटिल नेटवर्क है। इसके माध्यम से वह मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम देता है। जांच में यह भी पता चला है कि यह एप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सट्टेबाजी को बढ़ावा देता है।

# I.N.D.I.A. को मैंने किया तैयार, सीएम ममता ने कहा- दायित्व मिलने पर बंगाल से होगा संचालन



कोलकाता, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने दावा किया कि विरोधी दलों के गठबंधन I.N.D.I.A. को उन्होंने तैयार किया था और इसका दायित्व मिलने पर वे इसे बंगाल से चला सकती हैं। एक समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने कहा-अभी जो लोग I.N.D.I.A. का नेतृत्व कर रहे हैं, वे इसे ठीक से चला नहीं पा रहे हैं। वे लोग मुझे पसंद नहीं करते, लेकिन मैं सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के संपर्क में हूं और उन सबसे अच्छे संबंध बनाकर चलती हूं। ममता ने कहा, I.N.D.I.A. का दायित्व मिलने पर मैं इसे बंगाल से भी चला सकती हूं। मैं बंगाल की मिट्टी छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहती। मेरा जन्म बंगाल में हुआ है और मैं यहीं अंतिम सांस लूंगी। कुछ दिन पहले ही तृणमूल सांसद व लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी ने कहा था कि कांग्रेस को अहंकार छोड़ I.N.D.I.A. की कमान ममता बनर्जी को सौंप देनी चाहिए। तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने भी इसकी वकालत की थी। इस बीच सूत्र दावा कर रहे हैं कि ममता तृणमूल में व्याप्त अंतर्द्वंद को देखते हुए जनवरी में पार्टी का विशेष अधिवेशन बुलाने की तैयारी कर रही हैं। इसमें पार्टी के समस्त सांसद, मंत्री-विधायक, नगर निकायों व पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में ममता अंतर्द्वंद पर लगाम कसने के लिए कई बड़े फैसले ले सकती हैं। बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वर्षव्यापी कार्यसूची की भी घोषणा की जा सकती है। साथ ही पार्टी में बड़ा फेरबदल देखने को भी मिल सकता है।

## 40 साल बाद अमेरिकी संसद में उठा भोपाल गैस त्रासदी का मामला, मुआवजा देने की मांग, एंडरसन के प्रत्यर्पण की उठी आवाज

**नई दिल्ली।** आज से 40 साल पहले 1984 में 2 और 3 दिसंबर की रात न केवल भोपाल बल्कि देश के इतिहास की सबसे भयावह रात है। इसी रात को भोपाल में गैस त्रासदी हुई थी। 2 दिसंबर की रात भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड पेस्टिसाइड प्लांट से जहरीली गैस मिथाइल आइसो साइनाइट का रिसाव शुरू हुआ। देखते ही देखते त्रासदी में 3787 लोगों की जान चली गई। मगर यह सरकारी आंकड़ा था। सुप्रीम कोर्ट में पेश रिपोर्ट के मुताबिक भोपाल त्रासदी में 15,724 से ज्यादा लोगों की जान गई है। भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल पूरे होने पर अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इसके तहत 3 दिसंबर को अमेरिका में राष्ट्रीय रासायनिक आपदा जागरूकता दिवस के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव को मर्कले, रॉन वाइडन और पीटर वेल्च ने पेश किया। अब इसे न्यायपालिका संबंधी समिति को भेजा गया है। प्रस्ताव में डॉव इंक और यूनियन कार्बाइड को जिम्मेदार माना गया है। पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग भी की गई है।

# अरविंद केजरीवाल के विकास के वादे आज भी अधूरे : बांसुरी स्वराज




नईदिल्ली, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

दिल्ली विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने दिल्ली की समस्याओं और आम आदमी पार्टी सरकार की नाकामियों पर जोरदार हमला बोला। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के सांसदों, नेताओं की मौजूदगी में शनिवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का वेद मंत्रों के साथ भूमि पूजन और हवन कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने पार्टी के चुनावी अभियान अब नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे का भी ऐलान किया।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के विकास को लेकर जो बड़े-बड़े वादे किए थे, वह आज भी अधूरे हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से वादा किया था कि यमुना नदी की सफाई कराएंगे, लेकिन यमुना अब पहले से भी अधिक प्रदूषित हो चुकी है। छठ पूजा के दौरान जब महिलाएं नदी में पूजा करने गईं, तो उन्हें टॉक्सिक पानी में डुबकी लगानी पड़ी। यमुना की सफाई के वादे के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। दिल्ली की सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली का जिक्र करते हुए बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर जलभराव और बिजली की किल्लत आम बात हो चुकी है। बारिश में जलभराव के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है, जबकि गर्मी में लोग पानी के लिए तरसते हैं। यही नहीं, केजरीवाल सरकार के विधायक भी ड्रेनेज सिस्टम की सफाई नहीं करवा रहे हैं और जनता की शिकायतों को अनसुना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में भारी जलभराव के कारण आईएएस की तैयारी कर रहे तीन छात्रों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना से साफ है कि सरकार ने इस अहम मुद्दे को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने सिर्फ प्रचार-प्रसार पर ध्यान दिया है। दिल्ली की असल समस्याओं को सुलझाने में कोई कामयाबी नहीं हासिल की। सरकार ने भ्रष्टाचार के साथ-साथ सिर्फ सत्ता का भोग किया और जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस बार बीजेपी दिल्ली के लोगों की आवाज बनकर उभरेगी और दिल्लीवासियों की समस्याओं को सुलझाएगी। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी, अब बदलाव जरूरी है। हम अब नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे के नारे के साथ दिल्लीवासियों के बीच जाएंगे।

# पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

नईदिल्ली, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ दोपहर 3:30 बजे मामले की सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह कानून मनमाना और अनुचित है और धर्म का पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिकाओं में कहा गया है कि यह अधिनियम हिंदुओं, जैन, बौद्ध और सिखों से उनके पूजा स्थलों और तीर्थस्थलों को बहाल करने के अधिकारों को छीनता है, जिन्हें पहले आक्रमणकारियों ने नष्ट कर दिया था।

याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि यह अधिनियम मनमाना है, धर्मनिरपेक्षता और कानून के शासन के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और अदालत में जाने और न्यायिक उपाय मांगने के अधिकार को भी छीन लेता है। मुख्य याचिका धार्मिक गुरु और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने 2020 में दायर की थी। इस पर कोर्ट ने मार्च, 2021 में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। इसके बाद काशी राजघराने की बेटी, महाराजा कुमारी कृष्ण प्रिय, भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय, धार्मिक नेता स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती और मथुरा के देवकीनंदन ठाकुर समेत कुछ और लोगों ने अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने भी हिंदू याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर याचिकाओं को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है।

जमीयत का कहना है कि अधिनियम के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से पूरे भारत में अनगिनत मस्जिदों के खिलाफ मुकदमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने भी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मस्जिद समिति ने कहा कि अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने के परिणाम कठोर होने वाले हैं। पूजा स्थल अधिनियम विभिन्न धर्मों के पूजा स्थलों से संबंधित है।

अधिनियम में देशभर के पूजा स्थलों के धार्मिक स्वरूप को बदलने पर प्रतिबंध लगाया गया है और वो 15 अगस्त, 1947 को आजादी के समय जैसे थे, उन्हें उसी धार्मिक स्वरूप में रखने का प्रावधान किया गया है। अधिनियम की धारा 3 में एक धर्म के पूजा स्थल को दूसरे धर्म के पूजा स्थल में बदलने पर रोक लगाई गई है।

# अमित शाह ने अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक समारोह को किया



अहमदाबाद, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

गुजरात के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक समारोह को संबोधित किया। पूर्व कांग्रेस नेता राजकुमार गुप्ता और भाजपा नेता रोहन गुप्ता के पिता के नेतृत्व वाले गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट ने 34 वर्ष पूरे कर लिए हैं और अपने 35वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, मेरे यहां आने से पहले रोहन ने मुझे ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों के बारे में बताया था। मैं रोहन का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं इतने सारे कार्यक्रमों में गया हूं, लेकिन इतने कम समय में इतने लंबे सफर और इतने सारे कामों को किसी ने आपके जैसा नहीं किया है।

जरूरतमंद छात्रों की मदद करना, दिव्यांगों के लिए प्रावधान करना, मुफ्त इलाज और स्वास्थ्य जांच की सुविधा देना और लगभग 350 सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना जैसे तमाम सराहनीय काम ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे हैं।

अमित शाह ने गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के कामों की सराहना करते हुए कहा कि बीते 34 सालों में लोक सेवा ट्रस्ट ने अलग-अलग तरीकों से 5 लाख से ज्यादा लोगों की मदद की है। 1990 में राजकुमार द्वारा की गई एक छोटी सी शुरुआत से लेकर 2006 में रोहन के शामिल होने तक ट्रस्ट ने मुश्किल समय में 5 लाख से ज्यादा लोगों की मदद की है और उन्हें सरकारी योजनाओं में रजिस्टर किया है। इसके लिए मैं उन दोनों की तहे दिल से सराहना करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद जी से एक व्यक्ति ने पूछा था कि, स्वामी जी ज्ञान की व्याख्या क्या है। तब विवेकानंद जी ने कहा था कि ज्ञान सिर्फ चार अक्षर में बस हुआ है, जो खुद की जगह दूसरों की चिंता करे वो असली ज्ञानी होता है।

उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले सभी सरकारों ने टुकड़ों-टुकड़ों में काम किया। इस दौरान मुफ्त की बातें होती थी लेकिन उस दौरान की सरकारों ने कुछ नहीं किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीबों के कल्याण की बात करने वाली सरकार जब से बनी है, तब से हम लोगों ने विकास के तमाम काम किए है। हमारी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित है।

## बिहार के मशहूर टीचर खान सर की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती

पटना, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

बिहार के मशहूर कोचिंग टीचर खान सर की तबियत अचानक खराब हो गई है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि उन्हें डिहाइड्रेशन और बुखार हुआ है. फिलहाल, उनकी स्थिति स्थिर है और वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं. दरअसल, खान सर पटना के गर्दनीबाग में बीपीएससी उम्मीदवारों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इस दौरान यह चर्चा होने लगी थी कि उन्हें हिरासत में लिया गया है, लेकिन पटना पुलिस ने स्पष्ट किया कि खान सर को गिरफ्तार नहीं किया गया है. पुलिस ने उन्हें उनके वाहन के पास छोड़ दिया था. हालांकि, अफवाहों के बीच खान सर की तबियत और बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा. यह घटना तब हुई जब खान सर 6 दिसंबर को बीपीएससी उम्मीदवारों के साथ परीक्षा के नियमों में बदलाव के खिलाफ विरोध कर रहे थे. इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था. विरोध के अगले दिन, शनिवार को उनके खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके ट्विटर हैंडल से फर्जी पोस्ट किए गए हैं, जो छात्रों को गुमराह कर रहे थे. वर्तमान में खान सर की हालत स्थिर है और उन्हें डिहाइड्रेशन और बुखार के कारण इलाज मिल रहा है।

## सरकार 1,500 रुपये से ज्यादा के कपड़ों पर जीएसटी बढ़ाएगी, ये घोर अन्याय

**नईदिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ा रही है, जबकि पूंजीपतियों को टैक्स में राहत दी जा रही है।उन्होंने ये भी दावा किया कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। राहुल ने लिखा, सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। जरा सोचिए अभी शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1,500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने जा रही है।

# अजमेर कोर्ट ने दोषी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**अजमेर।** अजमेर की पॉक्सो कोर्ट-2 ने शनिवार को एक नाबालिग से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामले के दोषी अरशद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह मामला अजमेर जिले के पीसांगन गांव का है, जहां मुस्लिम युवक अरशद ने खुद को हिंदू बताकर इंस्टाग्राम पर नाबालिग से दोस्ती की और उसे अपने प्रेम जाल में फंसा कर दुराचार किया। बाद में आरोपी ने पीड़िता की हत्या कर दी। अदालत ने उसे मामले को जघन्य बताते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शनिवार को अजमेर की पॉक्सो संख्या 2 के न्यायाधीश रंजन शर्मा ने फैसला सुनाते हुए आरोपी अरशद को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी। पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 के लोग अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि अरशद ने अपने आपको हिंदू बताकर पीड़िता से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसको सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुराचार किया ।

लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया, शनिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसमें अरशद को आजीवन कारावास और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 30 गवाह और 88 दस्तावेज पेश किए गए। दुष्कर्म और हत्या की इस घटना को जघन्य अपराध माना गया है। उन्होंने आगे कहा, अरशद ने हिंदू लड़के की आईडी बना रखी थी और उससे चैटिंग कर रहा था।

बाद में पता चला कि वह दूसरे धर्म का है। जब लड़की ने उसका विरोध करते हुए कहा कि वह दूसरे धर्म का है और मेरे साथ गलत कर रहा है, तो उसने उसकी हत्या कर दी। न्यायालय ने टिप्पणी की है कि आरोपी ने पीड़िता के साथ जो अपराध किया है, वह बहुत गंभीर अपराध है। लोक अभियोजक ने दोषी के लिए फांसी की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस को आया मैसेज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को एक मैसेज मिला है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई पुलिस को ये मैसेज व्हाट्सएप पर भेजा गया है। मैसेज मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई है और जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले की तलाश में एक टीम को अजमेर भेजा गया है।एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन आज (7 दिसंबर) की सुबह ये मैसेज भेजा गया है। इसमें आईएसआई के 2 एजेंटों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश के बारे में बताया गया है। मैसेज के मुताबिक, दोनों एजेंट प्रधानमंत्री मोदी को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस को फोन कर प्रधानमंत्री मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी।

# जम्मू-कश्मीर में शीत लहर के बीच बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

श्रीनगर, 08 दिसम्बर [एजेंसी]।

तापमान में गिरावट के साथ कश्मीर घाटी में शीत लहर जारी है। श्रीनगर से लेकर लेह तक तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया। लेह में रात का तापमान -19 डिग्री रिकॉर्ड किया गया और कारगिल का हाल कश्मीर से भी बुरा है। यहां का तापमान यहां का तापमान माइनस 10 डिग्री तक नीचे चला गया है। कश्मीर के हर हिस्से में तेजी से गिर रहे तापमान के कारण ठंड की शिद्दत बढ़ने लगी है जिसे देखते हुए प्रशासन ने फेस वाइस स्कूलों में विंटर वेकेशन की घोषणा की है।

मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल लोगों को इस ठठरती की ठंड से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है बल्कि आने वाली रातें और ज्यादा सर्द हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान -6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग और पहलगाम के स्की रिसॉर्ट्स में न्यूनतम तापमान क्रमशः 4.3 डिग्री सेल्सियस और 6.5 डिग्री सेल्सियस था। उत्तरी कश्मीर जिले के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि कश्मीर के प्रवेश द्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे



दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 8-9 दिसंबर को आमतौर पर जम्मू संभाग के मैदानी और पहाड़ी इलाकों के कुछ इलाकों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश भी हो सकती है। 8 दिसंबर की देर शाम के दौरान कश्मीर संभाग के ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बारिश, बर्फबारी होगी। मौसम विभाग ने बताया कि 12 दिसंबर को जम्मू और कश्मीर के अलग-अलग ऊंचे इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है।

दक्षिण कश्मीर में लोकप्रिय पिकनिक स्थल कोकेरनाग में तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस गिर गया। अभी हाल में ही जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई थी, जिससे केंद्र शासित प्रदेश में तापमान गिर गया। सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में क्रमशः -1.8 डिग्री सेल्सियस और -2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारी बर्फबारी के कारण क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही पर भी असर पड़ा, जिससे अनंतनाग-किश्तवाड़ मार्ग बंद हो गया। बर्फबारी के कारण दो दिनों तक बंद मुगल रोड को बर्फ हटाने के प्रयासों के बाद फिर से खोल दिया गया।

# क्या एनर्जी ड्रिंक्स पीने से एक्सरसाइज करते समय ज्यादा ऊर्जा मिलती है?



आजकल बहुत से लोग कसरत के दौरान एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। उनका मानना है कि ये ड्रिंक्स उनकी परफॉर्मेंस को बढ़ाते हैं और उन्हें ज्यादा ऊर्जा देते हैं।वे सोचते हैं कि इससे उनकी थकान कम होगी और वे लंबे समय तक कसरत कर सकेंगे, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा होता है?आइए इस लेख में हम इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

**एनर्जी ड्रिंक्स और कैफीन**

एनर्जी ड्रिंक्स में मुख्य रूप से कैफीन पाया जाता है, जो तुरंत ऊर्जा देने का काम करता है। हालांकि, यह ऊर्जा अस्थायी होती है और इसका असर कुछ ही घंटों तक रहता है।इसके बाद शरीर थकान महसूस करने लगता है और ऊर्जा की कमी होने लगती है। इसलिए केवल कैफीन के भरोसे रहना सही नहीं होता क्योंकि इससे दीर्घकालिक लाभ नहीं मिलता।कसरत के दौरान स्थायी ऊर्जा के लिए संतुलित आहार और पर्याप्त हाइड्रेशन पर ध्यान दें।

**चीनी की मात्रा**

एनर्जी ड्रिंक्स में चीनी की मात्रा भी काफी अधिक होती है। यह चीनी तुरंत ऊर्जा तो देती है, लेकिन इसके बाद ब्लड शुगर लेवल तेजी से गिरता भी है।लंबे समय तक इसका सेवन करने से मोटापा और मधुमेह जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इसके अलावा, अधिक चीनी के सेवन से दांतों की समस्याएं भी हो सकती हैं और शरीर में ऊर्जा का असंतुलन पैदा हो सकता है, जो कसरत की परफॉर्मेंस को प्रभावित कर सकता है।

**हाइड्रेशन का महत्व**

वर्कआउट के दौरान हाइड्रेशन बहुत जरूरी होता है।एनर्जी ड्रिंक्स में मौजूद कैफीन डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है, जिससे आपकी परफॉर्मेंस प्रभावित हो सकती है।कैफीन शरीर से पानी को बाहर निकालता है, जिससे थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है। इसलिए वर्कआउट के दौरान पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त पेय पदार्थ पीना ज्यादा फायदेमंद होता है।यह न केवल आपको हाइड्रेटेड रखेगा बल्कि आपकी परफॉर्मेंस को भी बेहतर बनाएगा और आपको लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करेगा।

**प्राकृतिक विकल्पों का चयन करें**

अगर आपको कसरत के दौरान अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत महसूस होती है तो आप प्राकृतिक विकल्पों का चयन कर सकते हैं जैसे कि केला, नट्स या नारियल पानी। ये न केवल आपको ऊर्जा देंगे बल्कि आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होंगे।इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि एनर्जी ड्रिंक्स वर्कआउट परफॉर्मेंस को बढ़ाने में उतने प्रभावी नहीं होते जितना दावा किया जाता है।बेहतर होगा कि आप स्वस्थ आहार और पर्याप्त हाइड्रेशन पर ध्यान दें।



## फिल्म निर्माता सुभाष घई लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

फिल्म निर्माता सुभाष घई को मुंबई के लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार घई को बुधवार शाम को सांस लेने में कठिनाई, कमजोरी, बार-बार चक्कर आना, याददाश्त में कमी और बोलने में दिक्कत महसूस होने के बाद अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

घई के प्रतिनिधि द्वारा जारी एक बयान में हालांकि कहा गया कि फिल्म निर्माता को नियमित जांच के लिए भर्ती कराया गया था। घई के प्रतिनिधि की ओर से जारी बयान में कहा गया, '' हम यह बताना चाहते हैं कि सुभाष घई बिल्कुल ठीक हैं। उन्हें नियमित जांच के लिए भर्ती कराया गया है और उनकी हालत में सुधार है। आप सभी के प्यार और चिंता के लिए धन्यवाद।'' पिछले माह 79 वर्षीय निर्देशक ने पत्रकार और लेखक सुवीन सिन्हा द्वारा सह-लिखित अपना संस्मरण ''कर्माज़ चाइल्ड'' पेश किया था।

# डांस को मजेदार और फायदेमंद बनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



डांस करना न केवल मनोरंजन का एक अच्छा तरीका है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है।चाहे आप महिला हों या पुरुष, डांस करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव कम होता है। इससे आपके शरीर की फिटनेस भी बेहतर होती है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने डांस सेशन को मजेदार और प्रभावी बना सकते हैं।

**सही म्यूजिक का चुनाव करें**

डांस करने के लिए सही म्यूजिक का चुनाव बहुत जरूरी है। ऐसा म्यूजिक चुनें, जो आपको प्रेरित करे और आपके मूड को बेहतर बनाए।अगर आप तेज बीट्स पर डांस करना पसंद करते हैं तो पॉप या हिप-हॉप गाने चुनें, वहीं अगर आपको धीमे गानों पर डांस करना पसंद है तो रोमांटिक या क्लासिकल गाने सुनें।सही म्यूजिक आपके डांस सेशन को अधिक आनंददायक बना सकता है।

**वार्मअप करना न भूलें**

डांस शुरू करने से पहले वार्मअप जरूर करें। इससे आपकी मांसपेशियां तैयार हो जाती हैं और चोट लगने की संभावना कम हो जाती है।वार्मअप के लिए हल्की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें जैसे हाथों और पैरों को स्ट्रेच करना, गर्दन घुमाना आदि। इसके अलावा कुछ मिनट तक हल्की जॉगिंग या जम्पिंग जैक भी कर सकते हैं।यह आपके शरीर को फ्लेक्सिबल बनाता है, जिससे आप आसानी से अलग-अलग मूव्स कर सकते हैं और डांस का पूरा मजा ले सकते हैं।

**खुद को आईने में देखें**

आईने के सामने डांस करने से आपको अपनी मूवमेंट्स का अंदाजा होता है और आप अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं।आईने में देखकर आप अपने स्टेप्स की प्रैक्टिस कर सकते हैं और उन्हें बेहतर बना सकते हैं।यह तरीका आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है क्योंकि आप खुद देख सकते हैं कि आपने कितना सुधार किया है और कहां-कहां आपको और मेहनत करने की जरूरत है।इससे आपका डांसिंग स्टाइल भी निखरता है।

**छोटे लक्ष्य निर्धारित करें**


अपने डांस सेशन के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें जैसे किसी खास स्टेप को सीखना या किसी गाने पर पूरा रूटीन तैयार करना।छोटे लक्ष्य हासिल करने से आपका मनोबल बढ़ता है और आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहती है।इन लक्ष्यों को धीरे-धीरे बड़ा बनाएं ताकि आपकी स्किल्स में लगातार सुधार हो सके। इससे आप न केवल बेहतर डांसर बनेंगे बल्कि आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

**नियमित अभ्यास करें**

नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी होती है, चाहे वह कोई भी कला हो जैसे कि डांसिंग। हर दिन कुछ समय निकालकर अपने पसंदीदा गानों पर प्रैक्टिस करें।इससे न केवल आपकी तकनीक सुधरेगी बल्कि आपका स्टैमिना भी बढ़ेगा। नियमित अभ्यास आपके शरीर की लचकता बनाए रखता है और आपको अलग-अलग मूव्स करने में मदद करता है।इसके अलावा यह आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है और आपको बेहतर डांसर बनने में सहायता करता है।

## विंटर में रोजाना सुबह गर्म पानी में नींबू मिलाकर पीने से शरीर को मिलते हैं गजब के बेनिफिट्स

विंटर सीजन में गर्म और आरामदायक रहने की मांग करता है। दिन की अच्छी शुरुआत के लिए आप सुबह के समय गर्म या गुनगुने पानी में नींबू मिलाकर पीना एक हेल्दी ड्रिंक मानी जाती है।



अगर आप सर्दी की सुबह गर्म पानी के साथ नींबू पानी पीते हैं तो शरीर को कई फायदे मिलते हैं। विंटर में खुद को स्वस्थ रखने के लिए गर्म पानी के साथ नींबू का पानी जरुर पीना चाहिए।

नींबू में सबसे ज्यादा विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है। सर्दियों के दौरान, जब सर्दी और फ्लू होने का खतरा ज्यादा रहता है, तो ऐसे में विटामिन सी का सेवन बढ़ाने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, विटामिन सी श्वसन संक्रमण की अवधि और गंभीरता को कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए अपने दिन की शुरुआत गर्म नींबू पानी से करें।

नींबू के साथ गर्म पानी स्वस्थ पाचन को बढ़ावा दे सकता है। नींबू के रस क जो गैस्ट्रिक एसिड के उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करती है, जो भोजन को पचाने के लिए आवश्यक है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि बेहतर पाचन से सूजन और असुविधा सहित अपच के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस मिश्रण को खाली पेट पीने से आपके पाचन तंत्र को अगले दिन के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है। सर्दी के समय खुद को हाइड्रेट रखना काफी महत्वपूर्ण रखना जरुरी है। बाहर की ड्राई हवा और ठंडे मौसम से डिहाइड्रेशन हो सकता है। सुबह गर्म नींबू पानी पीने से बॉडी का समग्र कल्याण होता है।

गर्म नींबू पानी वजन प्रबंधन में भी सहायता कर सकता है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि भोजन से पहले नींबू पानी पीने से कैलोरी की मात्रा कम करने में मदद मिल सकती है।

## एथनिक लुक में राशि खन्ना ने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स खो बैठे होश



बॉलीवुड एक्ट्रेस राशि खन्ना 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर काफी चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस फिल्म में उन्होंने बतौर लीड एक्ट्रेस के तौर पर भूमिका निभाई हैं। हालांकि दर्शकों को उनकी एक्टिंग काफी पसंद भी आ रही है। अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

साउथ और बॉलीवुड की खूबसूरत हसीना राशि खन्ना आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना ने डार्क ग्रीन कलर का सूट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में बड़े इयररिंग्स और नो मेकअप लुक कर के साथ ही न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस राशि खन्ना इन दिनों अपनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं।

राशि खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है। ये नहीं वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनके लुक को देखकर अक्सर फैंस उनका स्टाइल फॉलो करते हैं।



**पल्लू पर पुष्पा लिखवा श्रीवल्ली बन इतराईं रश्मिका मंदाना, चमचमाती साड़ी में हसीना ने लूटी महफिल**

## प्रियंका चोपड़ा हिंदी सिनेमा में वापसी को तैयार, बोलीं- मैं कुछ अलग तलाश रही हूं

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारतीय सिनेमा में अपनी वापसी को लेकर चर्चा में हैं।उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म द स्काई इज पिंक में देखा गया था, जिसमें वह फरहान अख्तर के साथ नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी और प्रियंका पिछले 5 साल से हिंदी सिनेमा से दूर हैं।अब प्रियंका ने हिंदी फिल्म करने के संकेत दिए हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।

प्रियंका ने कहा, मैं कई निर्माताओं से मिलती हूं और कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। यह साल मेरे लिए वाकई बहुत व्यस्त रहा, लेकिन मेरे पास कुछ है। मैं आप सब लोगों को जल्द बताऊंगी।इसके अलावा जब प्रियंका से फिल्म जी ले जरा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

फरहान ने अपनी फिल्म जी ले जरा की घोषणा 2021 में की थी, लेकिन अभी तक उनकी यह फिल्म शुरू नहीं हो पाई है।इसकी स्टाकरस्ट और कहानी से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं, वहीं कई बार फिल्म के डिब्बा बंद होने की खबरें भी सामने आईं। हालांकि, फिल्म को ठंडे बस्ते में डालने की खबरों को फरहान नकार चुके हैं।इस फिल्म में प्रियंका के साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ भी नजर आएंगी।





**डीपनेक टॉप में छलका हीरामंडी की वहीदा का हुस्न, संजीदा शेख की तस्वीरों से नजरे हटाना मुश्किल**

## शब्द सामर्थ्य -259

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 258 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |








# पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य से प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाये पात्रों को हितग्राहियों को : सांसद

## हर घर साफ पेयजल पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी से काम करें-विधायक राजवाड़े

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरबा लोकसभा के सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के मंथन कक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में करीब 27 महत्वपूर्ण एजेण्डे पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईया लाल राजवाड़े के अलावा कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न एजेंडे पर जिलेवार जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद श्रीमती महंत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत आवास योजना में हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने पर होने वाली समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। सांसद ने मनरेगा में श्रमिकों को भुगतान के सम्बंध में जानकारी ली और सम्बंधित अधिकारियों को समय पर भुगतान करने निर्देश दिए। सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों को गम्भीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग न करें। उन्होंने जिले में जीर्ण आंगनवाड़ी केंद्रों का जायजा लेते हुए कहा कि ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन न करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय, तालमेल के साथ ही कार्य करें ताकि जिले के लोगों को इसका लाभ हो सके। विधायक राजवाड़े ने पौड़ी बचरा में कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर में पेयजल सुविधा के निराकरण के लिए नजदीकी जलाशय से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। समूह जल प्रदाय योजना पर जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल सप्लाई की सुविधा को प्रत्येक ग्राम पंचायत में चालू करें। विधायक राजवाड़े ने सभी स्कूलों खासकर लड़कियों के विद्यालय में शौचालय और जल की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को रोटावेटर सप्लाई कार्य में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। जल संसाधन के अधिकारियों से कहा कि किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले में अभियान चलाकर नहरों को साफ करने और सुधार करने का सुझाव दिए। विधायक श्री राजवाड़े ने सिकल सेल की स्थिति पर जानकारी ली, कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया सभी शिविर स्थलों और स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की जा रही है और त्वरित कार्रवाई से कार्ड बनाकर हितग्राहियों दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मिड-डे मिल, एकलव्य विद्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एकीकृत वाटर शेड प्रबंधन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सर्फेस माइनर इरीगेशन स्कीम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, जनजातीय कार्य, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन आदि एजेण्डे पर कोरिया एवं एमसीबी जिले के अधिकारियों ने जानकारी दी। कोरिया एवं एमसीबी जिले से अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी सांसद एवं विधायक के समक्ष अपनी बातें रखी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो निर्देश व सुझाव प्राप्त हुए हैं, उसे पूरी गम्भीरता के साथ कार्य किया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सहित दोनो जिले के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शौचालय निर्माण से बदली ग्रामीणों की जीवनशैली कोरिया के 176 ग्राम ओडीएफ प्लस घोषित

### सोनहत जनपद के सभी ग्राम ओडीएफ प्लस

**कोरिया बैकुंठपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कोरिया जिले में शौचालय निर्माण और स्वच्छता कार्यों से ग्रामीण जीवनशैली में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है।

जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के सलाहकार ने जानकारी दी है कि कोरिया जिले की 243 ग्राम पंचायतों में से 176 पंचायतों ने ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा प्राप्त कर लिया है। इसके तहत प्रत्येक गांव में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। पंचायतों की आबादी के आधार पर 1 से 4 रिक्शा उपलब्ध कराए गए हैं। जनपद पंचायत सोनहत के सभी 104 ग्राम और बैकुंठपुर के 72 ग्राम ओडीएफ प्लस मानकों को पूरा कर चुके हैं। इस कार्य में स्व-सहायता समूह की



महिलाओं को जोड़ा गया है, जो घर-घर से कचरा एकत्र करती हैं और उसे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में ले जाकर अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करती हैं। कचरे को कबाड़ विक्रेताओं को बेचने से महिलाओं को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। स्वच्छता कार्य में शामिल महिलाओं को %स्वच्छाग्रही% कहा जाता है। ये महिलाएं हर महीने 1000-2000 रुपये तक कमा रही हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में उनके योगदान से गांवों में स्वच्छता स्तर में सुधार हो रहा है। ग्रामीणों को शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। इस वित्तीय वर्ष में बैकुंठपुर और सोनहत जनपद के 398 हितग्राहियों को 47.76 लाख रुपये वितरित किए गए, जिसमें प्रत्येक हितग्राही को 12,000 रुपये मिले। ग्राम पंचायत पुसला की गांगी बाई ने शासन से मिली प्रोत्साहन राशि से शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा, पहले खुले में शौच जाने में असुविधा और असुरक्षा महसूस होती थी। अब शौचालय बनने से जीवन बेहतर हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक परिसरों और बाजारों में भी स्वच्छता सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को राहत मिल रही है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि घर में शौचालय निर्माण करें, उसका उपयोग करें। उन्होंने कहा है कि स्वच्छ और स्वस्थ जीवन प्रदान करने में शौचालय महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जिले के बाकी ग्राम पंचायतें भी तेजी से ओडीएफ प्लस की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने सभी वर्गों से कहा है कि घर, गांव, शहर व कार्यलय को स्वच्छ रखने में सहयोग करें ताकि स्वच्छ व स्वस्थ कोरिया की अवधारणा साकार हो सके।

# जिला अस्पताल के लिए चिरमिरी में हुआ भूमिपूजन, अब इसे कहीं और ले जाने की मांग

### पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने संचालक को लिखा पत्र

**कोरिया बैकुंठपुर।** चिरमिरी में स्थापित होने वाले 200 बिस्तर के जिला अस्पताल को मनेंद्रगढ़ मुख्यालय में स्थापित करने के लिए भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने संचालक स्वास्थ्य सेवाएं नया रायपुर को पत्र प्रेषित किया है। गुलाब कमरों ने अपने पत्र में लिखा है कि



जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का जिला उद्द्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिला चिकित्सालय को चिरमिरी मे खोलने का घोषणा किया गया है। जिसे निम्न कारणो से जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में खोला जाना उचित होगा। जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर अंतर्गत तीन विकासखण्ड भरतपुर, मनेन्द्रगढ़, जनकपुर आते है। जिसमे भरतपुर में 84 ग्राम पंचायत, मनेन्द्रगढ़ मे 72 ग्राम पंचायत, 3 नगर पंचायत, 1 नगर पालिका है, खडगवां 64 ग्राम पचायत है। मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से 100-150 कि.मी दूरी भरतपुर की है जो कि बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। मनेन्द्रगढ़ से चिरमिरी की दूरी 20 कि.मी . है और दोनो स्थान विधानसभा मनेन्द्रगढ़ में आता है। मनेन्द्रगढ़ एन.एच. में बसा है और चिरमिरी जाने के लिए कोई सुविधा नहीं रहती है। चिरमिरी मे जिला अस्पताल भवन निर्माण से केवल चिरमिरी एव खडगवां के लोगो को सुविधा मिलेगा। बजट सत्र 2023-24 में मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, माननीय मंत्री, छ.ग शासन, परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग एवं तत्कालिक सचिव परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग द्वारा समन्वय बनाते हुए सिविल अस्पताल की स्वीकृति चिरमिरी हेतु किया गया है। शासकीय अस्पताल के सुविधाओं का लाभ ज्यादातर आमजन, वैगा जनजाति, किसान, आदिवासी वर्ग के मरीजों को मिलना चाहिए, जो कि भरतपुर, मनेन्द्रगढ़ विकास खण्ड में है। नगर निगम चिरमिरी में एस.ई.सी.एल. कर्मचारी एवं माईनिग के कर्मचारी निवासरत है तथा चिरमिरी में एस.ई सी.एल. का अस्पताल एव निजी अस्पताल भी है एवं सिविल अस्पताल (100 बिस्तर) का सेटप छ.ग. शासन से स्वीकृत हुआ है। यदि जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण चिरमिरी में होता है तो मनेन्द्रगढ़, केल्हारी, फोटाडोल, भरतपुर, उप तहसील कुंवारपुर के ग्रामीणो को चिरमिरी तक जाने हेतु कोई आवागमन की सुविधा नहीं मिल पाएगी यहां के ग्रामीण सुविधा की दृष्टि से बैकुण्ठपुर जिला मुख्यालय जा कर ईलाज कराने विवश हो जायेंगे। जिससे नवीन जिले के जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधा का लाग ज्यादातर लोगो को नहीं मिल पायेगा।

जिला अस्पताल का भवन निर्माण चिरगिरी में होने से केवल रिफरल सेंटर बन कर रह जायेगा क्योकि यहां के मरीज एस.ई.सी.एल. अस्पताल या अपोलो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में ईलाज कराना पसंद करते है। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ मे मेडिकल कॉलेज खोला जाना प्रस्तावित है तो प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी जिला चिकित्सालय को जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में खोलना उचित होगा। हालांकि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र भेजने के बाद चिरमिरी सहित इसके आसपास के लोग पूर्व विधायक की मांग का विरोध कर रहे हैं।

# निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में ''निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़'' 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भैया लाल राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर निक्षय निरामय जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने टीबी, कुष्ठ, वयोवृद्ध और मलेरिया मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। सरडी ग्राम पंचायत से शुरू हुए इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। मितानिनों ने घर-घर सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा, यह अभियान जिले को टीबी, कुष्ठ और अन्य बीमारियों से मुक्त करने की दिशा में एक अहम कदम है। सभी नागरिकों को इसमें सहयोग करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह अभियान जिले में 07 दिसंबर 2024 से 23 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित होगा। निक्षय शिविरों के माध्यम से व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किए जाएंगे। माइनिंग, क्रशर और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों पर ध्यान केंद्रित होगा। इस दौरान दीवार लेखन, और ग्राम स्तरीय बैठकों से लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी, कुष्ठ और वयोवृद्ध मरीजों की पहचान करेंगे, उच्च जोखिम समूह, जैसे एचआईवी संक्रमित, शराब-तंबाकू का सेवन करने वाले, डायबिटीज मरीज और पुराने टीबी रोगियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।चिन्हित मरीजों की जांच और उपचार की समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह सहित सरडी ग्राम पंचायत के सरपंच, मितानिनें, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

## तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को ठोका, गंभीर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पचपेढ़ीनाका चौक में एक तेज रफ्तार क्रेटा कार सुबह 7 बजे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गई। इस दौरान ब्रिज पर पैदल चल रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। वही कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार चालक को भी चोट आई हैं।

# कार और टमाटर से भरे पिकअप की टक्कर में तीन लोगों की मौत, दो गंभीर घायल

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ सूरजपुर जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात 11 बजे प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग में गोटगवां के पास पिकप व कार की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया है।



बुधवार की रात प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम गोवर्धनपुर से कार क्रमांक सीजी 29 एई 7704 में सवार होकर चार युवक अंबिकापुर जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग (खड़गवां रोड) में स्थित गोटगवां के नजदीक टमाटर लोड कर बनारस जा रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 6380 से कार की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। पति के स्कूल के पीछे पत्नी और 7 साल की मासूम बेटी की फांसी पर लटकी मिली लाशज लोगों ने जताई यह आशंकापति के स्कूल के पीछे पत्नी और 7 साल की मासूम बेटी की फांसी पर लटकी मिली लाशज लोगों ने जताई यह आशंका टक्कर से पिकअप व कार के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण दुर्घटना में गोवर्धनपुर निवासी प्रियांशु पटेल 24 पिता प्रतोष पटेल, दीपक पटेल 23 पिता मिथलेश पटेल, पुष्पेंद्र भाई पटेल 21 पिता सुरेन्द्र पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं कार में सवार चौथे युवक विनय यादव 21 निवासी बटई को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर घटना में पिकअप चालक विक्रम सिंह बड़ा 42 निवासी फुंदुरडीहारी अंबिकापुर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

## शेयर मार्केट की लत ने बनाया कातिल, परिवार हुआ तबाह

**रायपुर।** कोरबा। कोरबा में पति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों पर सोते समय ब्लेड-पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। फिर उसने खुद पर भी ब्लेड से वार कर जहर खा लिया। हमले में पत्नी की मौत हो गई, जबकि बच्चों और पति की हालत गंभीर है। घटना दर्री थाना क्षेत्र के मोहन टॉकीज के पास की है। बताया जा रहा है कि, मनोज साहू ने कर्ज ले रखा है। शेयर मार्केट में भी लाखों रुपए गवा चुका है। जिसके चलते वो परेशान रहता था। इसी के चलते अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद भी होते रहता था। इसलिए उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

## शिक्षिका को जान से मारने की धमकी, वीडियो हुआ वायरल

**रायपुर।** महिला शिक्षक को धमकाने का मामला सामने आया है. यहां एक सनकी युवक ने स्कूल में आकर शिक्षिका को जान से मारने की धमकी दी है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जानकारी के अनुसार, भिलाई के शास्त्री नगर कैंप वन के पूर्व माध्यमिक शाला में घुसकर युवक जितेंद्र यादव उर्फ जीतू ने शिक्षिका नीता ठाकुर को जान से मारने की धमकी दी. वहीं कैंप क्षेत्र के पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा को भी देख लेने की बात कही. जब युवक शिक्षिका को धमका रहा था तो वहां मौजूद शिक्षिकाओं ने इसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. दरअसल, युवक का मतदाता सूची से नाम कट चुका है. जिसका आरोप वह बीएलओ पर लगा रहा है. जबकि निर्वाचन कार्य में लगी शिक्षिका नीता ठाकुर का कहना है कि पिता की मृत्यु के बाद युवक का घर बिक चुका है और युवक अब नेहरू नगर में निवास करता है. युवक की लगातार अनुपस्थिति के कारण मतदाता सूची ने नाम काटा गया था. सनकी युवक द्वारा स्कूल में घुसकर इस तरह की दी जा रही धमकी से निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ डरे हुए हैं. उन्हें भी अपनी सुरक्षा का डर सताने लगा है. निवार्चन कार्य में लगे कर्मचारी के स्कूल में जाकर बदतमीजी कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ नीता ठाकुर ने कार्रवाई करने की मांग करते हुए एसडीएम से शिकायत की है।

## मौसम में बदलाव, बारिश का अलर्ट 16 जिलों के लिए जारी

**रायपुर।** आईएमडी मौसम विभाग एजेंसी द्वारा जारी समाचार के अनुसार मौसम में अगले 24 घंटे में बदलाव के साथ ही 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मौसम में बदलाव के साथ कुछ जिलों में बारिश के साथ ही अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। बस्तर में 8 दिसंबर एवं सरगुजा में अगले 48 घंटे में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। ज्ञात हो कि इस बार नवंबर में प्रतिवर्षानुसार पड़ने वाली ठंड का अभाव देखा गया है। नवंबर में भी अधिकांश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोग रात एवं दिन को पंखा लगाकर सोते पाये गये। छत्तीसगढ़ में मौसम के मिजाज बदलने के साथ ही पश्चिमी क्षेत्र के कारण होने वाली बदली बारिश में कोरिया मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर गरियाबंद, धमतरी, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, कांकेर एवं नारायणपुर में अगले 48 घंटों में मध्यम से हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बस्तर संभाग के जिलों में आज शाम रात को पानी बरस सकता है। वहीं सरगुजा में मौसम शुष्क होने के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा।

## पति के स्कूल के पीछे पत्नी और 7 साल की मासूम बेटी की फांसी पर लटकी मिली लाश लोगों ने जताई यह आशंका

**अंबिकापुर।** पति-पत्नी के बीच संबंधों में दरार का दुखद अंत हुआ। पहले तो मामला न्यायालय तक पहुंचा। न्यायालय के आदेश पर व्याख्याता पति ने भरण पोषण की राशि देनी शुरू की। पत्नी शायद इससे भी संतुष्ट नहीं थी। गुरुवार को वह अबोध बेटी को साथ लेकर पति के स्कूल पहुंच गई। पति-पत्नी के बीच बातचीत भी हुई। कलह को घर में बैठकर सुलझाने के पति के प्रस्ताव और सहकर्मियों की समझाइश भी बेअसर रही। शुक्रवार की सुबह महिला और उसकी अबोध बेटी की उसी स्कूल के सामने पेड़ पर फांसी पर लटकी लाश मिली जिस स्कूल में पति पदस्थ था।

मामला सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुन्नी का है। यहां संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने मीना गुप्ता (35) एवं उसकी छह वर्ष की अबोध पुत्री आस्था गुप्ता की फांसी पर लटकी लाश मिली। मृतका मीना गुप्ता के पति संजय गुप्ता हायर सेकेंडरी स्कूल में ही हिंदी के व्याख्याता पद पर पदस्थ हैं। महिला अपनी बेटी को साथ लेकर अलग रहती थी। लखनपुर थाना प्रभारी अश्विनी सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच चल रही है। अभी सभी व्याख्याता संजय गुप्ता, मूलतः जशपुर जिले के बगीचा ब्लाक के झिकी गांव का रहने वाला है। उनका विवाह 2017 में गुमगा उदयपुर निवासी मीना गुप्ता के साथ हुआ था। 2018 में उनकी पुत्री आस्था गुप्ता का जन्म हुआ। दोनों के बीच विवाद बढ़ा तो संजय गुप्ता ने पत्नी से तलाक के लिए कुटुम्ब न्यायालय में आवेदन दिया था। यह प्रकरण अभी न्यायालय में विचाराधीन है। विवाह के बाद व्याख्याता संजय गुप्ता ने कुन्नी से लगे डूमरघाट बस्ती में घर बनाया था।

विवाद बढ़ने के बाद वह अपनी पत्नी एवं बेटी से अलग रहने लगा था। वह अंबिकापुर से भी कुन्नी आना-जाना कर ड्यूटी किया करता था। कुन्नी में उसने किराए का एक मकान भी रखा था। जबकि मां-बेटी घर में ही रहते थे। पुलिस के अनुसार व्याख्याता संजय गुप्ता द्वारा न्यायालय के आदेश पर पत्नी को भरण -पोषण के लिए प्रतिमाह सात हजार रुपये दिया करता था। जनवरी 2025 से प्रतिमाह 10 हजार रुपये देना था।उसकी बेटी लखनपुर के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करती थी। स्कूल और वहां तक आने-जाने के लिए वैन का शुल्क भी व्याख्याता संजय गुप्ता ही दे रहे थे।

# कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण से कार्यक्षम बनी जिंदगियां, चमके चेहरे

## 3 दिवसीय शिविर के समापन समारोह में बीएमओ रंजना बोलीं, मानवता के हित में यह काम महत्वपूर्ण





**कोरबा।** दुर्घटना अथवा अन्य कारण से काफी समय पहले अपने हाथ पैर का काफी हिस्सा खो चुके लोगों को शारीरिक कमी महसूस तो होती थी। साथ ही उनके कार्य क्षमता पर भी काफी असर पड़ रहा था। यहां वहां परामर्श और उपचार के बाद जब बात नहीं बनी तो उन्होंने खुद को इसी हाल पर छोड़ दिया। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि कुछ समय के बाद हालात बदल भी सकते हैं। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और नवचेतना शाखा कटघोरा के द्वारा आयोजित किए गए निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में कई लोग लाभान्वित हुए और उन्हें जिंदगी के नए अर्थ मिले। इसकी खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। ऐसे हितग्राहियों ने आयोजन करने वाले सामाजिक जनों के प्रयास को सराहा।

काफी समय से अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और नव चेतना शाखा के द्वारा आसपास में भ्रमण करने के साथ इस बात को चिन्हित किया गया कि अलग-अलग इलाके के कई लोग शारीरिक विकृति के कारण परेशान है । इसके चलते उनके सामने कई प्रकार की परेशानियां है। पारिवारिक स्तर पर भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पूछताछ में कई प्रकार की चीज सामने आई। मालूम चला कि किसी प्रकरण में आर्थिक समस्या है तो किसी में तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं और इसलिए मामले अटके हुए हैं। यह सब जानकर लोगों ने इस बारे में विचार किया और पीड़ितों को राहत देने के बारे में योजना बनाई महावीर विकलांग सेवा सहायता समिति राजस्थान से संपर्क किया गया। वहां से आवश्यक निर्देश मिलने पर कटघोरा में कैंप लगाने का रास्ता साफ हुआ जो यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 5,6 और 7 दिसंबर को संपन्न हो गया। हरिद्वारी गर्ग और प्रभावती देवी की स्मृति में आयोजित यह शिविर कई कारण से विशेष छाप छोड़ गया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के सहायक मंत्री पीयूष अग्रवाल ने बताया कि शिविर में कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से वास्ता रखने वाले 50 लोगों को कृत्रिम हाथ और पैर प्रत्यारोपित किए गए। दुर्भाग्यजनक रूप से इसी कड़ी में 15 ऐसे प्रकरण हमारे सामने आए जिनमें संबंधित हिस्से कुछ ज्यादा ही क्षतिग्रस्त हो गए थे, इसलिए उनमें प्रत्यारोपण किया जाना संभव नहीं हो सका। 3 दिन के शिविर के माध्यम से 20 हितग्राहियों को चलने के लिए से संबंधित समस्या के समाधान के लिए कैलीपर्स और बैसाखी का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन करने वाले लोग इस बात से प्रसन्न दिखे कि यहां पर पंजीकरण कराने के साथ सुविधा प्राप्त करने वाले लोगों के चेहरे पर हमने संतुष्टि की एक चमक देखी। उन्होंने इस बात को हमारे साथ साझा किया और बताया कि लंबे समय तक कई प्रकार की चुनौतियों को बर्दाश्त करने के बाद हमें कटघोरा में आयोजित शिविर के माध्यम से एक अवसर प्राप्त हुआ और शारीरिक कमी को दूर करने में सफलता मिली। शिविर के समापन पर आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में कटघोरा की विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजना तिर्की मुख्य अतिथि थी। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि मानवता सबसे बड़ी चीज है और जो लोग इस रास्ते पर चलने के साथ आम इंसानों और उनसे जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए निस्वार्थ रूप से सेवा करते हैं उन्हें इसका प्रतिफल बृहद रूप में इसी जीवन में प्राप्त होता है। ऐसे लोगों को लगातार परमार्थ करने की शक्ति और प्रेरणा ईश्वर प्रदान करते हैं।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने यह भी कहा कि जब भी कोई व्यक्ति या संस्था इस अच्छी भावना के साथ बेहतर काम करने के लिए आगे बढ़ते हैं तो उनके लिए वातावरण भी अनुकूल हो जाते हैं और किस प्रकार से संसाधन उपलब्ध होते हैं, यह भी अपने आप में हैरान करता है। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने मारवाड़ी युवा मंच नव चेतना शाखा और महावीर विकलांग कल्याण समिति के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की और इस बात को दोहराया कि जब कभी भी ऐसे काम होंगे तो स्वास्थ्य विभाग अपनी ओर से भरपूर सहयोग करेगा। शिविर का आयोजन करने वाले संगठन के प्रमुख पदाधिकारी ने भी समापन दिवस पर अपने सारगर्भित विचार रखें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों की सामान्य मूलभूत जरूरत की पूर्ति के लिए सरकार ने सिस्टम बना रखा है और उनके माध्यम से इस प्रकार के काम पूरे हो जाते हैं। लेकिन कई काम ऐसे होते हैं जिनके लिए अभी तक ना तो कोई योजना बनी है और ना ही किसी स्तर से ठोस पहल हो पाती है। ऐसे विषय मानव समाज के हित से जुड़े होते हैं और निश्चित रूप से इस बारे में लोगों का संगठन या संस्था ही संवेदनशीलता के साथ विचार कर सकती है और इसे क्रियान्वित भी कर सकती हैं। पदाधिकारी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच और उसके सहयोगी संगठन विभिन्न क्षेत्रों में लगातार इस प्रकार के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। उन्होंने भौतिक संसाधनों के साथ-साथ समर्पण और समय देकर ऐसी परियोजनाओं को आगे विस्तार दिया है। जब बड़ी संख्या में पीड़ित लोग ऐसे कार्यों से लाभान्वित होते हैं तो हमें आत्मिक संतुष्टि का एहसास होता है और बल मिलता है कि क्यों ना इस तरह के कार्यों को और विस्तारित किया जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों के लिए काम करने वाले सेवाभावी लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### इस टीम ने दिया अपना योगदान

कटघोरा नगर में किए गए आयोजन को लेकर अक्षत अगरवाल, संजय मित्तल, पारस अग्रवाल, अमन गोयल और अरुण केडिया व उनके साथियों ने मुख्य रूप से अपनी सेवाएं दी।

मारवाड़ी युवा मंच और नव चेतना साखा को अपने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सफल बनाने में सामाजिक इकाइयों से भी सहयोग मिला। आयोजकों ने स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, स्थानीय निजी अस्पताल और अन्य सभी संबंधितों का उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कर्मचारी संघ का धरना 13 को

**कोरबा।** कई मांगो को लेकर बिजली कर्मचारी संघ ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है। जिस पर अभी तक कोई चर्चा नही हो पायी है। जिसको लेकर मांग पूरी नही होने पर बिजली कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता 13 दिसंगर को मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे । जिसके तैयारी शुरू कर दी गई है। राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जयसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ के नेतृत्व में कार्यकर्ता रायपुर जाएंगे। कोरबा पश्चिम से शब्बीर मेमन, सुनीता जयसवाल, अजय मिश्रा, केदार राठौर, कोरबा पूर्व से संदीप राठौर के नेतृत्व के कार्यकर्ता रायपुर जाने की तैयारी कर रहे है।

### जैंतखम्भ पर चढ़ाया जाएगा ध्वज

**कोरबा।** पताढ़ी धाम स्थित जैंतखम्भ पर 18 दिसंबर को समाज के सदस्य मोटर साइकिल रैली निकालते हुए ध्वज चढ़ाएगें। यह रैली तुमान व बरपाली सरगबुदियां से निकाली जाएगी। पूरे गांव का भ्रमण करते हुए रैली पताड़ी धाम पहुंचेगी। रैली का पताड़ी के अध्यक्ष लखन लहरे, गैसराम मिरी, कमलेश अनंत, देवाराम , आत्माराम, गणेश बघेल सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वगात किया जाएगा।

### बसपा की बैठक 10 को

**कोरबा।** बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक 10 को रायपुर में आयोजित किया गया है। इस बैठक में कोरबा जिले से फुलचंद सोनवानी, एडी जांगड़े ,डीआर जाटवर शामिल होगें। यह जानकारी देते हुए बाबूलाल टंडन ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए यह बैठक ली जा रही है। इस बार पूरे प्रदेश में बसपा के कार्यकर्ता नगरीय निकाय चुनाव में जोरशोर से भाग लेगें।

### कांग्रेस का धरना कल

**कोरबा।** कल कांग्रेस नेता उमेश पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा घंटाघर चौक में डा.अम्बेडकर के प्रतिमा के निकट धरना दिया जाएगा। प्रदेश सचिव विकास शुक्ला ने बताया है। संविधान को लेकर यह धरना दिया जा रहा है। दिलीप सिंह टीकाराम मनहरण, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी , अनुसूचित विभाग अध्यक्ष नारायण कुर्रे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रहमान के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरने में होगें।

जय श्रीराम
प्लाट उपलब्ध है
25×60, 55 डिसमिल, 13 डिसमिल गीतावेली, दादर उरगा एवं बुधवारी रोड में।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

# 2024 की विदाई से पूर्व लंबित प्रकरणों का निकाल करने में जुटी पुलिस

## नवंबर और दिसंबर महीने के लिए खास लक्ष्य



**कोरबा।** पुलिस का मूल काम कुल मिलाकर अच्छी पुलिसिंग को बढ़ावा देने के साथ अपराध नियंत्रण के लिए काम करने का है। इसके लिए पूरा सिस्टम बना हुआ है और इसके अंतर्गत कार्यों को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी अधिकारियों और कर्मचारियों को मिली हुई है। 2024 की विदाई के लिए अब 22 दिन बाकी रह गए हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए कोरबा जिले में पुलिस अपने सामान्य काम के साथ-साथ मुख्य रूप से लंबित प्रकरणों का निकाल करने में लगी हुई है।

कोरबा जिले के कोतवाली, बालको नगर,, कटघोरा, दीपिका , सिविल लाइन, कुसमुंडा, उरगा, करतला, दर्री, श्यांग, लेमरू , बांगो , हरदीबाजार थाना और सभी चौकी क्षेत्र में पुलिस के द्वारा इन दोनों पेंडेंसी काम करने को लेकर प्राथमिकता के साथ काम किया जा रहा है। कोशिश यही है कि दिसंबर के समाप्त होने से पहले बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों को कम किया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसके अंतर्गत सभी प्रकार के मामलों की पेंडेंसी को हमने ध्यान में रखा है और उन्हें निराश्रित करने को लेकर कोशिश जारी रखी है। इसमें हमें यह सुनिश्चित करना है कि मामले लंबित क्यों है और इनमें क्या कुछ दिक्कतें हैं। प्रकरणों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ मामलों को कोर्ट में प्रस्तुत किया जाना है। बताया गया कि हर वर्ष नवंबर और दिसंबर महीने में एक अभियान के तहत पुलिस इस काम को लेती है और बड़ी संख्या में लंबित मामलों को निकाल करने के लिए अपनी क्षमता दिखाती है। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि नवंबर और दिसंबर महीने हमारे लिए इस अभियान को समर्पित होते हैं और इसके तहत हमारा प्रयास अधिकतम पेंडेंसी को निचले स्तर पर लाने का होता है। बताया गया कि पुलिस थाना और चौकी की टीम नवंबर से लेकर दिसंबर तक ऐसे कार्यों में फोकस करती है ताकि ऊपर तक अच्छी रिपोर्टिंग हो सके। इसके माध्यम से यह दिखाने की कोशिश भी होती है कि पुलिसिंग के अलावा अन्य संबंधित कार्यों को निश्चित समय में पूरा करने के लिए पुलिस कितनी सक्रिय है।

### समय-समय पर चलते हैं अभियान

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरे वर्ष भर अपराध नियंत्रण के साथ-साथ कई और भी प्रयोजन से पुलिस अपनी भूमिका को विभागीय प्लेटफार्म के अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी तय करती है। जनउपयोगी अभियान इसी का हिस्सा होते हैं जिनमें हम लोगों को बताते हैं कि उन्हें किन चीजों को करना है और किन से सतर्क रहना है। साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, ऑपरेशन मुस्कान, सड़क सुरक्षा सप्ताह और सड़क जागरूकता कार्यक्रम के अलावा कई और भी ऐसे काम है जो पुलिस की छवि को समाज के बीच स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ अभियान लगातार चलते रहते हैं जबकि कुछ के लिए समय निर्धारित किया गया है।

### निरंकारी फाउंडेशन का रक्तदान शिविर 10 को

**कोरबा।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन कोरबा इकाई के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 10 दिसंबर को किया जा रहा है। कोरबा के चित्र सिनेमा के पास सिंधु भवन में सुबह 9.00 बजे से दोपहर 3ः00 तक यह शिविर होगा। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि कैबिनेट श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन होंगे जबकि सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष किशनचंद दावड़ा विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल इंचार्ज सुंदर श्याम करेंगे। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के स्थानीय अध्यक्ष हारस्वरूप अग्रवाल ने लोगों से कहा है कि वह इस शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान करें और पीड़ित मानवता की मदद करें।

### बहु से दुष्कर्म, आरोपी जेठ को किया गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा पुलिस ने ढोढ़ातराई गांव में अनाचार की घटना के सिलसिले में आरोपी जेठ अशोक जायसवाल को गिरफ्तार किया है। 376 में यह कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि आरोपी के द्वारा अपनी बहु से दुष्कर्म किया गया। उसे धमकी भी दी गई। पीड़िता ने यहां रिपोर्ट दर्ज कराई।

### कोयला लोड वाहन पलटा, चालक घायल

**कोरबा।** उरगा थानांतर्गत उरगा चौक कुदूरमाल मार्ग पर कोयला लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक को काफी चोट लगी है। राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया फिर अस्पताल में भर्ती किया गया।

रविवार की सुबह करीब 9 बजे यह हादसा हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। बताया जा रहा है,कि ट्रक की रफ्तार काफी अधिक थी,जिसके कारण यह हादसा हुआ। ट्रक के पलटने के कारण मार्ग पर कोयला पूरी तरह से बिखर गया।

### नही हिलता कांटा पियक्कड़ों को मिलावट का शक

**कोरबा।** जिले की भैरोताल स्थित देसी शराब दुकान में बिक रही शराब में पियक्कड़ वर्ग ने मिलावट का आरोप लगाया है। उनका कहना है,कि बोतल से ना ही शराब का अहसास हो रहा है और रही है और ना ही नशा चढ़ रहा है। उन्होंने शराब का स्वाद पानी जैसा होने की बात कही है। इस मामले में उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# दवा खाने के बाद चलकर सुईआरा जंगल पहुंचा चोटिल हाथी

### वन अमला कर रहा निगरानी



**कोरबा।** करतला वन परिक्षेत्र अंतर्ग पिडिया क्षेत्र में पैरों में आयी चोट व मोच के कारण चलने में असमर्थ हुए हाथी का कल वन विभाग के द्वारा ईलाज कराने तथा गुड़ के साथ दवा खिलाने के बाद अब उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। हाथी चलकर सुई आरा जंगल पहुंच गया है। वन विभाग द्वारा उसकी लगातार निगरानी की जा रही है। कल रात भर वन अमला निगरानी करता रहा। इस दौरान हाथी चलकर पिडिया क्षेत्र से सुईआरा व बड़मार पहुंचने के बाद फिर वापस सुईआरा जंगल पहुंच गया। कल इस हाथी के नाला में गिरकर चोटिल होने की खबर मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया था। उसके अधिकारी व कर्मचारी आनन फानन में मौके पर पहुंचे और हाथी की स्थिति जानकारी लेने के साथ उपचार की व्यवस्था कराई। हाथी को पशु चिकित्सो की सलाह पर अपरान्ह 3 बजे गुड़ के साथ दवा खिलाया गया। दवा खाने के बाद एक घंटे इसका असर हुआ और हाथी चलने लगा। चलते-चलते पहले बड़मार फिर सुईआरा के जंगल पहुंच गया। अधिकारियों के निर्देश पर वनअमला इसकी रात भर निगरानी करते रहे। हाथी को पिडिया क्षेत्र में नाले के पास लंगड़ाता देख लोग बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए थे और भीड़ भी लग गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ वनविभाग के जवानों को तैनात किया गया। इस बीच 49 हाथियों का दल बोतली गांव पहुंच गया है। इस दल ने बीती रात उत्पात मचाते हुए फसल को रौंद दिया जबकि पेट्रोल पंप के पास सुभाष नामक एक ग्रामीण के बाड़ी में घूस कर वहां लगे सब्जि व अन्य पौधों को तहस-नहस कर दिया। बोतली में हाथियों द्वरा उत्पात मचाये जाने की सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंच कर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में एक बार फिर 12 हाथियों का दल पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को आज सुबह वन परिसर के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। यह दल एक दिन पहले भी धरम जयगढ़ का रूख किया था। वहां लगभग 24 घंटे रहने के बाद फिर कुदमुरा लौट आया। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। उधर कटघोरा वन मंडल में भी हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा है। यहां के पसान रेंज के सेम्हरा सर्किल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जो बीती रात हरदेवा एवं चिकनी नामक गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के खलिहान में रखे धान की खरही तथा अरहर की फसल को चट कर दिया। इतना ही नहीं हरदेवा में मानकुंवर पति राय सिंह नामक महिला के घर का दरवाजा तोड़कर वहं रखे चावल को चट कर दिया तथा कुछ घरेलु सामानों को भी नुकसान पहुंचाया है।

# देवांगन समाज की हुई आमसभा, अनेक प्रस्ताव पारित

**कोरबा।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 2338 की विशेष आमसभा गत दिनों मां परमेश्वर भवन सत्यम बिहार कालोनी रायपुरा (रायपुर) में अनेक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गये।

इस दौरान सदस्यों की मांग पर समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल होने तथा समाज के नियमों का पालन नहीं करने के कारण पदाधिकारी परसराम देवांगन सचिव, वेदलाल देवांगन कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, चंपालाल देवांगन , हरिश देवांगन संयुक्त सचिव, श्रीमती रेणु देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य, श्रीमती मोहनी देवांगन, शरद देवांगन, आनंद देवांगन, राकेश देवांगन, होरीलाल, अमरनाथ के साथ ही कुंज लाल, रामगोपाल, महेश देवांगन, धनेष देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, ओमप्रकाश को पद मुक्त कर सदस्या समाप्त करने के साथ 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। उनके निर्वाचन में हिस्सा लेने में भी पाबंदी लगा दी। बैठक में निष्काशन की वजह से रिक्त हुए पदों पर पदाधिकारियों की तत्काल नियुक्ति सर्व सम्मति से की गई और उन्हें शपथ दिलाई गई। जिसमें मुकेश देवांगन पड़पोड़ी महासचिव चंद्रिका प्रसाद देवांगन रायपुर कोषाध्यक्ष, श्रीमती रूखमणी देवांगन लाखेनगर रायपुर, बलराम देवांगन उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव श्रीमती हर्षा देवांगन बालोद, दिलीप देवांगन धमतरी कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रोशनी देवांगन, नरसिंह देवांगन, संदीप देवांगन, शांतिलाल, सोहन लाल एंव श्रीमती को दायित्व सौंपा गया। आमसभा में प्रदेश के हर जिला, राज ब्लाक मंडल ग्राम इकाई में एक प्रदेश एक नियम का प्रस्ताव पास किया गया। वर्ष में एक बार महासभा का आयोजन किया जागए जिसमें सामाजिक प्रकरणों का निराकरण होगा। सभी विवादों का निराकरण समाज में ही करने तथा न्यायालय या अन्य रास्ता अपनाने वालों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने पर प्रस्ताव भी पारित किया गया। समाज नियमावली में संशोधन किये जाने का भी निर्णय लिया गया।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com